RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः68 , मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में होगी इंटरमीडिएट परीक्षा : जिला प्रशासन 03
प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यशाला का आयोजनः नवाचार से संवरेगा छात्रों का भविष्य 04
मृणाल ठाकुर बोलीं- चंकी पांडे को अपने पति के रूप में देख हिल ... 07

संक्षिप्त समाचार

## ईरान युद्ध के बीच भारतीय सेना ने का दिखा बड़ा प्लान

- तेल और गैस की कमी दूर करने के मिशन में जुटी अपनी सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के चलते तेल और गैस संकट के बीच भारतीय सेना ने आगे का पूरा प्लान तैयार कर लिया है। भारतीय सेना एलपीजी और फ्यूल में काफी कटौती करके वैकल्पिक रास्ता अपना रही है। अगले महीने से यह एक मिशन के स्तर पर शुरू हो जाएगा। सेना बायोगैस और सोलर जैसे वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों का उपयोग कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक



सेना ने बायोगैस स्टोव्स खरीदने का ऑर्डर जारी कर दिया है। इसके अलावा सेना के जवानों का मूवमेंट 400 किलोमीटर के अंदर ही सीमित किया जाएगा जिससे फ्यूल बचाया जा सके। अधिकारी ने बताया बिना किसी ऑपरेशनल क्षमता को कम किए सेना के वाहनों का आवागमन सीमित किया जा रहा है। वाहनों की पूलिंग, एक साथ कई काम निपटाने की योजना भी तैयार की गई है। जिससे कि फ्यूल के खर्च को कम किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों और सीएनजी का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा। कुछ चीजें लागू हो गई हैं और वहीं फ्यूल बचाने के लिए कुछ नियम अगले एक दो हफ्ते में लागू हो जाएंगे। अधिकारियों ने बाताया कि सेना से संबंधित उड़ानों को भी सीमित किया जाएगा। जिससे सेना की क्षमता को प्रभावित किए बिना फ्यूल बचाया जा सके।

## डंकी वाले रूट से 6 महीने में अमेरिका पहुंचा, जलकर मौत

- हरियाणवी युवक की 6 महीने में शादी थी, वीडियो कॉल से शगुन डाला; ट्रक में फंसकर मरा



**कैथल (एजेंसी)।** हरियाणा के कैथल जिले के एक छोटे से गांव बाकल में जन्में 26 साल के सिमरनजीत सिंह की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। सिमरनजीत बेहतर भविष्य की तलाश में हजारों किलोमीटर दूर परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का सपना लेकर आया था। वो खतरनाक 'डंकी रूट' के जरिए 6 महीने के अंदर विदेश पहुंचा था। कई देशों की कठिन यात्रा, जेल तक का सामना और संघर्ष भरी जिंदगी के बाद उसने ट्रक ड्राइवर के रूप में काम शुरू किया, लेकिन सड़क हादसे ने उसके सपनों के साथ-साथ परिवार की उम्मीदों को भी खत्म कर दिया। परिवार को जब उसके मरने की खबर मिली तो सभी का रो-रो कर बुरा हाल था। परिवार सिमरनजीत की 6 महीने में शादी करने की तैयारी में था, लेकिन कैलिफोर्नियां में ट्रक की टक्कर के चलते उसकी जलकर मौत हो गई। टक्कर होते ही चिंगारी निकली और ट्रक में आग लग गई। मौत के बाद सिमरनजीत की केवल जली हुई हड्डियां मिलीं। डंकी रूट से 6 महीने में अमेरिका पहुंचाः सिमरनजीत सिंह की मौत के बाद परिवार से बातचीत के दौरान कई बातें सामने आई। उसके चचेरे भाई इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सिमरनजीत सिंह को डंकी रूट से अमेरिका जाने में करीब 6 महीने का समय लगा था।

# पीएम के दौरे से पहले पचपदरा रिफाइनरी में लगी आग

### लोकार्पण से पहले धूं-धूं कर जली, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**बालोतरा/ पचपदरा (एजेंसी)।** राजस्थान के बालोतरा जिले से सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कल यानी 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी के जिस ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह को लेकर पूरे देश की नजरें टिकी हैं, उससे ठीक 24 घंटे पहले रिफाइनरी परिसर में भीषण आग लग गई। इस अचानक हुई घटना ने न केवल करोड़ों के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि वीवीआईपी सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियां ऐक्टिव हो गई हैं।



### आसमान में छाया काला धुआं, अफरा-तफरी का माहौल

सोमवार दोपहर जब रिफाइनरी परिसर लोकार्पण की अंतिम तैयारियों में जुटा था, तभी एक विशिष्ट यूनिट से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते धुएं का गुबार इतना घना हो गया कि इसे कई किलोमीटर दूर से देखा जाने लगा। जिस परिसर को प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर एसपीजी और राजस्थान पुलिस ने नो फ्लाई जोन और अभेद्य किले में तब्दील कर रखा था, वहां अचानक मची इस अफरा-तफरी ने प्रशासन के हाथ-पांव फुला दिए।

### फायर फाइटिंग ऑपरेशन्स और तकनीकी डैमेज

आग की सूचना मिलते ही रिफाइनरी का अत्याधुनिक इन-हाउस फायर सेफ्टी सिस्टम सक्रिय हो गया। मौके पर मौजूद दर्जनों दमकल गाड़ियां और हाइड्रेंट सिस्टम के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। एचपीसीएल के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम डैमेज कंट्रोल में जुटी है। हालांकि, अभी तक किसी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि रिफाइनरी की संवेदनशील मशीनरी को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री के दौरे से ठीक पहले हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कई सवालिया निशान लगा दिए हैं। फिलहाल जिला प्रशासन और रिफाइनरी के उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। एसपीजी की टीमें भी घटना स्थल का मुआयना कर रही हैं ताकि कल के दौरे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## झारखंड में गोड्डा-महगामा रेल प्रोजेक्ट को मिली रफ्तार

- पटरी बिछाने का काम हो गया शुरू, 468 करोड़ होंगे खर्च

**गोड्डा (एजेंसी)।** गोड्डा-महगामा-पीरपैंती रेल परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। परियोजना के पहले चरण में गोड्डा से महगामा के बीच 27.5 किमी लंबी पटरी बिछाने काम शुरू हो गया है। गोड्डा प्रखंड के दियारा, नेपूरा, पंचकाठी मौजा आदि क्षेत्र में पटरी बिछाई जा रही है। साथ ही अधिग्रहित जमीन के चारों ओर बाउंड्री का भी निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में गोड्डा के बाद पथरगामा व महगामा भी रेल के मानचित्र में दिखेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के समाजिक व आर्थिक रफ्तार को भी गति मिलेगी। दूसरे फेज में महगामा से पीरपैंती तक रेल पटरी बिछाने का काम होगा।



# चिप्स से शिप्स तक रहेगा भारत-दक्षिण कोरिया का साथ

- मजबूत और बेहतर इकोसिस्टम बनाने पर काम कर रहे दोनों देश
- पीएम मोदी और साउथ कोरिया के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया तकनीक, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में 'चिप्स से शिप्स' तक मजबूत इकोसिस्टम बनाने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने महत्वपूर्ण तकनीकों और सप्लाई चेन पर केंद्रित एक 'इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग' को संस्थागत रूप देने पर भी सहमति जताई।



### एक साल में अपग्रेड होगा ट्रेड समझौता

पीएम मोदी ने कहा, अगले एक वर्ष के अंदर हम भारत-कोरिया ट्रेड समझौते को अपग्रेड भी करेंगे। एआई, सेमीकंडक्टर और आईटी में साझेदारी और गहरा करने के लिए हम इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज लॉन्च कर रहे हैं। शिप बिल्डिंग, सस्टेनिबिलिटी, स्टील जैसे क्षेत्रों में एमओयू कर रहे हैं। कल्चर और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में आपसी सहयोग से फिल्म, एनीमेशन और गेमिंग में भी नए आयाम स्थापित करेंगे। आज का बिजनेस फोरम इन अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने का मंच बनेगा।

### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। साल 2030 तक इसे 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दोनों देशों के बीच फाइनेंशियल फ्लो को सुगम बनाने के लिए भारत-कोरिया फाइनेंशियल फोरम की शुरुआत की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि सहयोग को बल देने के लिए हमने एक इंडस्ट्रियल कॉपरेशन कमेटी का गठन किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कोरिया की कंपनी खासकर एसएमई की भारत में एंट्री सहज करने के लिए कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी स्थापित करेंगे।

## इधर-उधर घूमता रहा विमान यात्रियों की अटकी रही सांसें

- 4 घंटे तक मुश्किल में रही जान, फ्लाई-91 की फ्लाइट में आई खराबी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 की एक फ्लाइट को तकनीकी खराबी आने के बाद रास्ता बदलकर बेंगलुरु ले जाना पड़ा। इस दौरान विमान करीब चार घंटे तक आसमान में ही चक्कर लगाता रहा। इससे यात्रियों में डर और घबराहट का माहौल बन गया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कई यात्री घबराए हुए नजर आ रहे हैं। कुछ यात्री प्रार्थना करते हुए दिखाई दे रहे हैं तो कुछ भी रहे हैं। इस दौरान फ्लाइट उतरने से पहले अलग-अलग इलाकों के ऊपर चक्कर लगाती रही। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट रविवार दोपहर लगभग 3 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई थी। इस फ्लाइट को शाम साढ़े चार बजे हुबली पहुंचना था।

# तीखा मोड़ और स्टियरिंग बेकाबू होते ही खाई में गिरी बस

- जम्मू के उधमपुर में भीषण सड़क हादसा, 21 लोगों की मौत, 29 यात्री घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** सोमवार की सुबह जम्मू-कश्मीर में तब चीख-पुकार मच गई, जब एक यात्री बस 100 फिट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। ये हादसा तब हुआ, जब एक यात्री बस रामनगर से उधमपुर जा रही थी, तभी अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और बस सीधे खाई में जा गिरी। इस हादसे के बाद वहीं चीख-पुकार मच गई। जहां ये दुर्घटना हुई है, वह कनोट गांव है, जो उधमपुर जिले के तहत आता है। हालांकि, हादसे के बाद स्थानीय पुलिस, स्थानीय लोग और सेना के जवानों ने तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को ले जा रही बस जिले की रामनगर तहसील के कनोट मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे।



### राष्ट्रपति, उप राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी जताया शोक

पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर भी लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक बस दुर्घटना के कारण लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ। मैं उन लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। इनके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना पर शोक और दुख जताया है और प्रशासन को समुचित कार्रवनाई करने और पीड़ितों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताया है और हादसे के मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने सभी घायलों को भी 50-50 हजार रुपये की सहायता कै ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार पीएम मोदी ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### केंद्रीय मंत्री ने स्थिति पर लगातार रखी नजर

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने उधमपुर के डिप्टी कमिश्नर मिंगा शेरपा से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, अभी-अभी उधमपुर के डीसी मिंगा शेरपा से बात की, क्योंकि मुझे एक घंटे से भी कम समय पहले कानोट गांव में रामनगर से उधमपुर जा रही एक सार्वजनिक परिवहन बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली।

# अब भारत में अपने युद्धपोत तैनात करेगा रूस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और रूस के बीच नया सैन्य समझौता लागू हो गया है। इसके साथ ही अब दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर सैनिक, युद्धपोत और सैन्य विमान तैनात कर सकेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस डिफेंस डील के

- 3000 सैनिकों की भी तैनाती हो गई न्यू डिफेंस डील

तहत भारत और रूस एक-दूसरे के देश में एक समय में अधिकतम 3000 सैनिक, 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमान तैनात कर सकते हैं। इसे दोनों देशों के संबंधों में एक नया अध्याय माना जा रहा है। रूस के आधिकारिक कानूनी पोर्टल के मुताबिक यह नया समझौता बीते 12 जनवरी से लागू हो गया है। इससे पहले रूस में इस समझौते को मंजूरी देने वाले एक कानून को दिसंबर 2025 में पारित कराया गया था। अब यह डिफेंस डील 5 साल तक लागू रहेगी, जिसे आपसी सहमति से आगे 5 साल और बढ़ाया जा सकता है। फर्स्टपोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि इस समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों, जैसे एयरबेस और पोर्ट का इस्तेमाल कर सकेंगे। जहां एक तरफ भारत को रूस के एयरबेस, यहां तक कि आर्कटिक क्षेत्र में मौजूद ठिकानों तक भी पहुंच मिलेगी, वहीं रूस को भारत के सैन्य ठिकानों का उपयोग करने की इजाजत होगी।




### संयुक्त सैन्य अभ्यास, ट्रेनिंग और मानवीय मिशन शामिल

भारत और रूस के इस रक्षा समझौते में संयुक्त सैन्य अभ्यास, ट्रेनिंग और मानवीय मिशन भी शामिल हैं। साथ ही इसमें यह भी जिक्र है कि सैन्य कर्मियों और उपकरणों की तैनाती कैसे होगी और उन्हें किस तरह की लॉजिस्टिक मदद दी जाएगी। युद्धपोतों के लिए इसमें बंदरगाहों तक पहुंच, मरम्मत की सुविधा, पानी, खाना, तकनीकी संसाधन जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं। वहीं, सैन्य विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल, नेविगेशन सिस्टम और जरूरी उड़ान से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत करना है। खासतौर पर भारत के पास जो रूसी हथियार और सैन्य उपकरण हैं, उनके रखरखाव और इस्तेमाल में यह समझौता मदद करेगा। इसके अलावा इससे लंबी ओवरसीज डिप्लॉयमेंट को समझने में भी मदद मिलेगी।

# टीसीएस के बाद एक और कांड से हिल गया महाराष्ट्र

- अब नागपुर में एनजीओ अध्यक्ष रियाज फाजिल पर लगा यौनशोषण का आरोप

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में जरूरतमंद बच्चों के लिए काम करने का दावा करने वाले एनजीओ के अध्यक्ष पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर एनजीओ के अध्यक्ष रियाज फाजिल काजी को गिरफ्तार कर लिया है। काजी के खिलाफ कई युवा महिलाओं ने कथित यौन शोषण, धार्मिक दबाव, बदनामी और साइबर स्टॉकिंग के आरोप लगाए हैं। इस मामले में शनिवार रात करीब 10 बजे मनकापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इनमें महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने, अश्लील हरकतें करने, धार्मिक भावनाएं आहत करने, मानहानि और साइबर अपराध से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। एनजीओ की 23 वर्षीय एचआर इस मामले मुख्य शिकायतकर्ता है। वो सितंबर 2023 से एनजीओ में एडमिनिस्ट्रेशन और एचआर हेड के रूप में कार्यरत थी।



## संक्षिप्त समाचार

### एलपीजी आपूर्ति सामान्य, वितरण व्यवस्था सुचारू; कालाबाजारी पर सख्ती की चेतावनी

**बीएनएम@ मोतिहारी।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू बनी हुई है। 19 अप्रैल 2026 तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार विभिन्न तेल कंपनियों आईओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के माध्यम से गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले में कुल 115 गैस एजेंसियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। 01 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 के बीच कुल 3,23,267 बुकिंग के विरुद्ध 2,81,645 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा चुकी है, जो यह दर्शाता है कि बुकिंग के अनुरूप तेजी से आपूर्ति की जा रही है। केवल 19 अप्रैल 2026 को एक दिन में 14,640 बुकिंग के मुकाबले 19,501 सिलेंडरों का वितरण किया गया। वर्तमान में जिले में 28,735 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जबकि लंबित मांग 98,142 सिलेंडर है। सभी 115 वितरक होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचा रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। होम डिलीवरी में लापरवाही बरतने वाले 03 गैस एजेंसियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस की बुकिंग न करें तथा गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06252-242418 पर दी जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सहायता या जानकारी के लिए उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06252-242418 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एमजीसीयू में एमबीए विद्यार्थियों के लिए समूह चर्चा सत्र आयोजित, कौशल विकास पर जोर

**बीएनएम@ मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग द्वारा एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए कॉर्पोरेट जगत में सफलता हेतु आवश्यक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 अप्रैल 2026 को समूह चर्चा (Group Discussion) सत्र का सफल आयोजन किया गया। सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समसामयिक एवं प्रबंधन से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान उनके संचार कौशल, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं विषय की समझ का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने विद्यार्थियों को समूह चर्चा के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे स्पष्ट अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण पर मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. कमलेश कुमार एवं डॉ. राजीव रंजन चौबे ने भी बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव साझा किए। गौरतलब है कि इसी प्रशिक्षण श्रृंखला के तहत 9 अप्रैल 2026 को मॉक इंटरव्यू सत्र का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक साक्षात्कार प्रक्रिया के लिए तैयार करना था। यह सत्र भी विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर अरुण कुमार, गेस्ट फैकल्टी डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन चौबे, सुश्री श्री बाला एवं प्रसून श्रीवास्तव ने इंटरव्यू पैनल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी भी मौजूद रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विभाग द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे वे भविष्य में कॉर्पोरेट क्षेत्र की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।

### आर्म्स एक्ट मामले में फरार अभियुक्त के घर इश्तिहार तामिला

**बीएनएम@ मोतिहारी।** रामगढ़वा थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए उसके घर पर इश्तिहार तामिला किया है। जानकारी के अनुसार, रामगढ़वा थाना कांड संख्या 138/26 के अभियुक्त पप्पू गिरी, पिता सियाराम गिरी, ग्राम गिरी टोला बेलवा, थाना हरपुर, जिला पूर्वी चम्पारण के निवासी हैं। न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस ने यह कार्रवाई की। इश्तिहार तामिला के दौरान स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा किया गया और नियमानुसार पूरी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस का कहना है कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चमकी बुखार को लेकर जे.ई.-ए.ई.एस. का मॉक ड्रिल, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



**बीएनएम@ पताही।** चमकी बुखार से जुड़ी गंभीर बीमारी जापानी इंसेफेलाइटिस (जे.ई.) एवं एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (ए.ई.एस.) को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताही में संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें संदिग्ध मरीज की पहचान, तत्काल उपचार, एंबुलेंस की व्यवस्था, भर्ती प्रक्रिया तथा जरूरत पड़ने पर उच्च केंद्र में रेफर करने की पूरी कार्यप्रणाली का अभ्यास कराया गया। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि समय पर पहचान और उचित इलाज से इस बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को खाली पेट न रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान दें तथा किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। मौके पर डॉ. अभिजीत कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राज कुमार, प्रेम प्रभा खालको, एम एंड ई मुकेश कुमार, मदन कुमार एवं जिज्ञासा कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 29 अप्रैल को पंचायत समिति की विशेष बैठक, अविश्वास प्रस्ताव पर होगी बहस

**बीएनएम@ हरसिद्धि।** प्रखंड की राजनीति इन दिनों गरमा गई है। प्रखंड प्रमुख जानकी देवी के खिलाफ पंचायत समिति के आसमा परवीन, गीता देवी, मुस्तकीम अंसारी, चंदा कुमारी, वसीमा खातून, शिवजी यादव, बृज किशोर यादव सहित 16 सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की गई है। इस संबंध में सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार को लिखित आवेदन सौंपा था। आवेदन के आलोक में बीडीओ ने नियमानुसार प्रक्रिया शुरू करते हुए प्रखंड प्रमुख जानकी देवी को लिखित रूप से इसकी सूचना दे दी है। साथ ही अविश्वास प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के लिए 29 अप्रैल को पंचायत समिति की विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार निर्धारित तिथि पर सभी पंचायत समिति सदस्यों की उपस्थिति में प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ गुलशन कुमार ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप संचालित की जा रही है। इस घटनाक्रम के बाद हरसिद्धि प्रखंड की सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अब सभी की नजर 29 अप्रैल को होने वाली बैठक पर टिकी है, जहां यह तय होगा कि प्रखंड प्रमुख अपनी कुर्सी बचा पाती हैं या नहीं।

# व्यवसायिक हितों के प्रति प्रतिबद्ध मोतिहारी चैंबर, भवन निर्माण और ट्रेड लाइसेंस शिविर पर जोर

**बीएनएम@ मोतिहारी**



मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की चौथी बैठक बंजरिया पंडाल स्थित एक निजी होटल के सभागार में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक की शुरुआत विशिष्ट आमंत्रित अतिथि शशिभूषण कुमार एवं उमेश प्रसाद के स्वागत एवं परिचय के साथ हुई, जिनका उपस्थित सदस्यों ने तालियों से अभिनंदन किया। वहीं महासचिव आलोक कुमार ने पिछली बैठक की कार्यवाही एवं चैंबर की हालिया गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में महेश सिन्हा ने कहा कि चैंबर हमेशा से व्यवसायियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी वर्ष भर उनके हित में कार्य करता रहेगा। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख प्राथमिकता चैंबर भवन के निर्माण को बताया। बैठक में पिछले माह आयोजित 'चंपारण एक्सपो 2026' की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों, प्रायोजकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफल आयोजन को आगामी वर्ष या इसी वर्ष के अंत में पुनः आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि अगले माह नगर निगम के सहयोग से ट्रेड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्थानीय व्यापारियों को सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त शहर में विद्युत विभाग द्वारा हो रही अनियमित लोड शेडिंग तथा ट्रांसफार्मर के तार जलने की समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। खासकर मुख्य मार्गों पर व्यापारियों को हो रही परेशानी को देखते हुए इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, उप सचिव विनय देवकुलियार सहित कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, डॉ. कमलेश कुमार, चंदू मिश्रा उपस्थित रहे। अंत में सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। इसकी जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दी।

## चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

**बीएनएम@ मोतिहारी**

कुंडवाचैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कमलेश दास के पास चोरी की बाइक है। सूचना के सत्यापन के लिए छापेमारी की गई, जहां एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। HHD मशीन से जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि उक्त बाइक चोरी की है, जिसका संबंध बथनाहा थाना (सीतामढ़ी) कांड संख्या 37/26 से है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त कमलेश दास, पिता रामबाबू दास, निवासी मुशरिया, थाना कुंडवाचैनपुर, जिला पूर्वी चम्पारण ने बताया कि उसने यह बाइक करीब दो-तीन महीने पहले करोड़ी (खानाबदोश) किशोर महतो से खरीदी थी। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ कमलेश दास को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, आरोपी किशोर महतो, पिता बद्री महतो, निवासी कुंडवाचैनपुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

## बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की नई मिसाल: 'टीचर्स ऑफ बिहार' समूह की सराहनीय पहल

### सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता, नवाचार और प्रेरणा का सशक्त मंच

**बीएनएम@ मोतिहारी/पटना**

बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में 'टीचर्स ऑफ बिहार' समूह तेजी से उभरकर सामने आया है। यह मंच पिछले कई वर्षों से सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षण नवाचार और शिक्षक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समूह के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बताया कि इस मंच की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राज्यभर के शिक्षकों को एक साझा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है, जहाँ वे अपने अनुभव, नवाचार और सफल प्रयासों को साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक आपस में सीखते हैं और नए प्रयोग करते हैं, तभी शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन संभव हो पाता है। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने जानकारी दी कि यह मंच शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान दिलाने के साथ-साथ उन्हें समाज के सामने लाने का भी माध्यम बन रहा है। उनके अनुसार, आज बिहार के कई सरकारी विद्यालयों में शिक्षक अपने नवाचार और समर्पण से नई मिसाल कायम कर रहे हैं, जिसे यह मंच पूरे राज्य तक पहुंचा रहा है। इवेंट लीडर केशव कुमार ने बताया कि समूह द्वारा समय-समय पर ऑनलाइन क्विज, शैक्षणिक गतिविधियां और विभिन्न जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं। इन पहलों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज 'टीचर्स ऑफ बिहार' केवल एक समूह नहीं, बल्कि एक आंदोलन का रूप ले चुका है, जो शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की नई दिशा तय कर रहा है। यह मंच न केवल शिक्षकों को प्रेरित कर रहा है, बल्कि सरकारी विद्यालयों की छवि को भी सशक्त और उज्ज्वल बनाने में अहम योगदान दे रहा है।

## नरकटियागंज के सोमगढ़ में पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**बीएनएम@ बेतिया/नरकटियागंज**



फकीराना सिस्टर्स सोसाइटी बानुछापर, बेतिया द्वारा संचालित पीसीएमईडी परियोजना के तहत प्रखंड नरकटियागंज के पंचायत सोमगढ़ स्थित ब्रह्म स्थान मैदान में पंचायत स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। परियोजना प्रबंधक मो. कलाम अंसारी ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भूतपूर्व मुखिया रवीन्द्र कुमार सिंह उर्फ दादू सिंह ने दोनों टीमों—सिरिसिया एवं सोमगढ़—के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत टॉस के साथ हुई, जिसे रेफरी अजित कुमार एवं जहांगीर अंसारी ने संपन्न कराया। पहले मुकाबले में सोमगढ़ टीम के कप्तान नीरज कुमार ने टॉस जीतकर खेल शुरू किया, लेकिन मुकाबले में सिरिसिया की टीम विजेता रही। इसके बाद बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें पुनः टॉस के बाद मुकाबला खेला गया। इस बार सोमगढ़ की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीम को मेडल, स्टील बॉक्स, डायरी व कलम तथा उपविजेता टीम को मेडल, कॉपी व कलम देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण भागीदारी और प्रयास है, हारने वाली टीम अगर मेहनत करे तो अगली बार अवश्य जीत सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता मो. कलाम अंसारी, मो. जमाल, केविन विलियम, शत्रुघ्न प्रसाद, राजेश कुमार, विजय श्रीवास्तव, आशिया प्रवीण, पिंकी प्रकाश, नेहा कुमारी, आरती कुमारी, सुधीर चौरसिया, सीता कुमारी, लालमुन्नी कुमारी, प्रियांसु कुमारी एवं सुजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# जनगणना- 2027: स्व-गणना को लेकर डीएम सख्त, 1-2 दिन में कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**बीएनएम@ मोतिहारी**



जनगणना-2027 के प्रथम चरण (स्व-गणना) को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन सभागार में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में स्व-गणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को एक से दो दिनों के भीतर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी पदाधिकारी अपने स्व-गणना कार्य को शीघ्र पूरा कर उसका साक्ष्य स्वरूप फोटो जिला प्रशासन के ग्रुप में अपलोड करें। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं अपना स्व-गणना कार्य पूर्ण कर लिया है, वहीं उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी यह कार्य संपन्न कर लिया गया है। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों का स्व-गणना कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। जीविका के डीपीएम को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी गई कि जिले की सभी जीविका दीदियों का स्व-गणना कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों में स्व-गणना कार्य सुनिश्चित कराने तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर पंचायत जनप्रतिनिधियों की बैठक कर जन-जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्व-गणना में भाग लें। वहीं नगर निगम मोतिहारी के नगर आयुक्त एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को वार्ड पार्षदों और कर्मियों के साथ बैठक कर नागरिकों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य में स्व-गणना का कार्य 17 अप्रैल से शुरू हो चुका है, जो 1 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## गुप्त सूचना पर कार्रवाई, 300 लीटर अर्धनिर्मित देसी शराब विनष्ट

**बीएनएम@ मोतिहारी**



बीजधरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बथना गांव स्थित नदी किनारे से लगभग 300 लीटर अर्धनिर्मित देसी चुलाई शराब को विनष्ट कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि नदी किनारे अवैध रूप से शराब निर्माण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी की गई, जहां बड़ी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब बरामद हुई। मौके पर ही पुलिस ने उसे नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "किसी भी सूरत में अवैध शराब के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।" पुलिस द्वारा आगे भी क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान जारी रखने की बात कही गई है।

## लायंस क्लब कपल द्वारा गुरुकुल आश्रम में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**बीएनएम@ मोतिहारी**

पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से मोतिहारी लायंस क्लब कपल द्वारा सोमवार को नगर के देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्षा लायंस रेनू लोहिया ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने कहा कि यदि वृक्ष नहीं होंगे तो मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा, इसलिए पर्यावरण संरक्षण हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संकल्प लिया है कि पौधारोपण कार्यक्रम को निरंतर जारी रखा जाएगा। क्लब की सचिव लायंस सुनीता जायसवाल ने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से हम प्रकृति रूपी ईश्वर का सम्मान करते हैं। वहीं लायंस चंदू मिश्रा ने जानकारी दी कि आश्रम परिसर में नीम, आंवला, आम, जामुन, अमरूद सहित कई औषधीय पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए लोहे का सुरक्षा घेरा भी लगाया गया है। कार्यक्रम के अंत में लायंस प्रमोद लोहिया ने सभी सदस्यों, आश्रम के पदाधिकारियों एवं उपस्थित भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस शशि जायसवाल, लायंस प्रियंका, लायंस अनीता देवी, लायंस मालती मिश्रा, लायंस उमा मोहता, आश्रम के सचिव डॉ. जय गोविंद प्रसाद, सह सचिव राम भजन, दिलीप केसरी, चंद्रशेखर प्रसाद, पुजारी सुधीर पांडे, विनीता कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अप्रैल अंत तक जिले में व्यापक अभियान, डीएम के सख्त निर्देश: अवैध गतिविधियों पर होगी बड़ी कार्रवाई

**बीएनएम@ मोतिहारी**



जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अप्रैल माह के अंत तक जिले में व्यापक अभियान चलाया जाए। इस अभियान के तहत एनडीपीएस, अतिक्रमण, उर्वरक कालाबाजारी, एलपीजी गैस जमाखोरी, अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अवैध आधार नामांकन केंद्र, माप-तौल मानक एवं गैर लाइसेंसी कारोबार पर समग्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। डीएम ने जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को "जन संवाद कार्यक्रम" आयोजित करने का निर्देश दिया, जिसमें सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। साथ ही पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए 15 दिन पूर्व से तैयारी और कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। सरकारी कार्यालयों में समयबद्धता, कैशबुक, उपस्थिति पंजिका एवं अभिलेखों की नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाएगी। लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर देते हुए निर्देश दिया गया कि तीन माह से अधिक पुराने मामलों को लंबित नहीं रखा जाए। आरटीपीएस, पीजीआरओ कोर्ट, राजस्व न्यायालय, सीपीजीआरएएम, सीएम डैशबोर्ड, नगर निकाय सेवाएं एवं जन याचिकाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध जमाबंदियों को रद्द करने तथा जमीन के सर्वेक्षण और निपटारे के भी निर्देश दिए गए हैं। नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यातायात प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति पर विशेष अभियान चलाए जाएंगे। सभी विभागों को दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा प्रत्येक सप्ताह आयुक्त को साप्ताहिक प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जितना थाना क्षेत्र में पुलिस की सनसनीखेज कार्रवाईः 104.7 किलो गांजा बरामद, तस्करी का पर्दाफाश

**बीएनएम@ पूर्वी चंपारणः** पूर्वी चंपारण जिले के जितना थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धावा बोलकर मादक तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया। भूसे के ढेर में छिपाए गए 104.700 किलोग्राम गांजा जब्त कर लिया गया है। संदिग्ध तस्करों की तलाश तेज हो गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेंगनिया-अगरवा के बीच एक गांव में गांजा छिपाकर तस्करी की तैयारी हो रही थी। सूचना सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सिकरहना) के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर छापेमारी कर भूसे और पुआल के बीच छिपे 7 बंडलों से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया।वही छापेमारी दल में पुअनि शिवजी पासवान (अपर थानाध्यक्ष, जितना), पुअनि अमरेन्द्र कुमार (थानाध्यक्ष, घोड़ासहन), पुअनि असलम अंसारी (थानाध्यक्ष, झरोखर) सहित अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे साथ ही एसएसबी 71वीं बटालियन का भी सहयोग रहा। पुलिस ने सभी मादक पदार्थ जब्त कर लिए हैं। तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई चल रही है। यह सफलता जिले में मादक तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### एआई के दौर में संस्कृत की बढ़ी प्रासंगिकता : मुरली मनोहर जोशी

**बीएनएम@ पटना/नई दिल्ली**। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने 'विश्वगुरु' की अवधारणा और संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता पर अपने विचारों से एक नई बौद्धिक बहस छेड़ दी है। संस्कृत भारती के एक कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को वर्तमान में स्वयं को 'विश्वगुरु' नहीं कहना चाहिए। उनके अनुसार, यह उपाधि हमारे गौरवशाली अतीत का हिस्सा थी और भविष्य का लक्ष्य हो सकती है, किंतु वर्तमान धरातल पर अभी वह स्थिति पुनः प्राप्त करना शेष है।डॉ. जोशी ने ज्ञान के प्रसार में संस्कृत की अद्वितीय क्षमता पर बल देते हुए इसे भविष्य की भाषा बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत में जटिलतम वैज्ञानिक तथ्यों को संक्षिप्त और सटीक रूप में व्यक्त करने की अद्भुत शक्ति है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक के दौर का जिक्र करते हुए उन्होंने नासा के विशेषज्ञों के हवाले से संस्कृत की वैज्ञानिक उपयोगिता को रेखांकित किया।संबोधन के दौरान उन्होंने परमाणु बम के जनक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर का ऐतिहासिक उदाहरण दिया, जिन्होंने परमाणु विस्फोट के समय श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक को उद्धृत कर संस्कृत की वैचारिक गहराई को स्वीकार किया था। जोशी ने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे संस्कृत को न केवल पढ़ें, बल्कि इसे व्यावहारिक जीवन में बोलने और लिखने का अभ्यास करें। उनके इस बयान को भारत की सांस्कृतिक पहचान और भविष्य की वैश्विक भूमिका के बीच एक यथार्थवादी सेतु के रूप में देखा जा रहा है।

### शादी से पहले दुल्हन की अश्लील फोटो वायरल

**आरोपियों ने मांगी 7 लाख की रंगदारी**

**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से एक विचलित करने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी से ठीक पहले एक युवती की छवि धूमिल करने की घिनौनी साजिश रची गई। 20 अप्रैल को होने वाली अपनी शादी से पहले पीड़िता ने थाने में गुहार लगाई है कि आरोपी अमर कुमार और उसके साथियों ने उसके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर दी हैं।पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने पूर्व में उसका अपहरण कर एक होटल में बंधक बनाया था, जहां उसके साथ मारपीट की गई और मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींची गईं। अब इन तस्वीरों का उपयोग उसे ब्लैकमेल करने और उसकी शादी तोड़ने के लिए किया जा रहा है। आरोपियों ने युवती से 7 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की है और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी है।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साइबर सेल की मदद से फर्जी अकाउंट्स की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। यह घटना डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा और निजता पर बढ़ते हमलों का एक भयावह उदाहरण है।

### अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमकने वाले डॉ. पद्म भानु सिंह सम्मानित

**बीएनएम@ बगहाः** बगहा नगर परिषद के श्रीनगर स्थित होमियो कैंसर सेवा अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. पदम भानु सिंह के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। हाल ही में डॉ. सिंह को लंदन के हाउस ऑफ पार्लियामेंट और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सम्मानित किए जाने के बाद, स्थानीय वार्ड पार्षदों—अंजलि सोनी (वार्ड 07) और रीता देवी (वार्ड 08)—ने उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर पार्षदों और प्रतिनिधि नागेंद्र प्रसाद व कुंदन सिंह ने कहा कि डॉ. पदम भानु सिंह की यह वैश्विक उपलब्धि पूरे क्षेत्र और देश के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि समर्पण से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। सम्मान से अभिभूत डॉ. सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाज और मरीजों की सेवा के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा दोहराई।

### गीता देवी ने घर के आंगन से खड़ा किया आइसक्रीम का साम्राज्य

» लॉकडाउन की बेबसी को बनाया अवसर, आज लाखों में है टर्नओवर
» 25 परिवारों को दिया रोजगार, संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक कहानी

**बीएनएम@ पटना/शिवहर**। बिहार के शिवहर जिले के हथसार गांव की गीता देवी ने अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से ग्रामीण आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। साल 2020 में कोविड लॉकडाउन की चुनौतियों के बीच, जब उनके पति पंजाब में फंसे थे, गीता देवी ने पांच बच्चों के पालन-पोषण के लिए आइसक्रीम का छोटा सा व्यवसाय शुरू किया। 'जीविका' समूह के मार्गदर्शन और सीमित संसाधनों के साथ घर के आंगन से शुरू हुआ यह सफर आज एक सफल ब्रांड बन चुका है।शुरुआत में चंद हजार रुपये कमाने वाली गीता देवी का कारोबार आज 2 से 2.5 लाख रुपये के मासिक टर्नओवर तक पहुंच गया है। उनके पास वनीला, बटरस्कॉच और स्ट्रॉबेरी जैसे कई फ्लेवर की आइसक्रीम तैयार होती है, जिसकी सप्लाई के लिए 18 स्थानीय विक्रेता जुड़े हुए हैं। इस उद्यम ने न केवल उनके परिवार की स्थिति बदली, बल्कि गांव के करीब 20 से 25 परिवारों को प्रत्यक्ष रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार किया है।गीता देवी की इस असाधारण सफलता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उन्हें IIM कलकत्ता के इनोवेशन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है और वे सरकार की 'लखपति दीदी' योजना की एक गौरवशाली लाभार्थी हैं। आज गीता देवी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र हैं, जिनका लक्ष्य भविष्य में और अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### जीविका दीदियों और स्कूली बच्चों को मिला सुरक्षा का मंत्र

**जागरूकता अभियान में शामिल हुए कई विशेषज्ञ**

**बीएनएम@ फतुहा**। फतुहा और दनियावां के विभिन्न क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। फतुहा थाना परिसर सहित स्थानीय स्कूलों, गैस एजेंसियों और जीविका दीदी समूहों के बीच विशेष कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में आग पर काबू पाने और जान-माल की रक्षा करने के गुर सिखाना था।टीम के सदस्यों ने व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से बताया कि यदि गैस सिलेंडर में आग लग जाए, तो उसे कैसे सुरक्षित तरीके से बुझाया जाए। स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों को आग बुझाने के उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। लोगों को जागरूक किया गया कि धुएं से भरे स्थान से झुककर बाहर निकलें और बेहोश व्यक्ति को सुरक्षित निकालने के लिए विशेष तकनीकों का उपयोग करें।

# सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नं. 13 गण, बीरगंज में 19वां स्थापना दिवस भव्य रूप से संपन्न

**बीएनएम@ रक्सौल/बीरगंज**



नेपाल के बीरगंज स्थित सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नं. 13 गण मुख्यालय में 19वां स्थापना दिवस सह वार्षिक उत्सव भव्य एवं गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। आकर्षक सजे मंच, फूलों से सुसज्जित परिसर और सुरक्षाकर्मियों की उल्लेखनीय उपस्थिति के बीच समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मधेश प्रदेश के सशस्त्र प्रहरी बल प्रमुख कृष्ण ढकाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गणपति मोहन बहादुर क्षेत्री ने की। इस अवसर पर प्रमुख जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक सुदीप पाठक सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि एवं आमंत्रित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृष्ण ढकाल ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र प्रहरी बल स्थापना काल से ही राष्ट्र की सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और आपदा राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा, "यह केवल एक सुरक्षा बल नहीं, बल्कि राष्ट्र के भरोसे का मजबूत स्तंभ है। सीमा की रक्षा, शांति-व्यवस्था कायम रखने और आपदा प्रबंधन में इसकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है।" उन्होंने आगे सुरक्षाकर्मियों को और अधिक अनुशासित, जिम्मेदार एवं तकनीक-मैत्रीपूर्ण तरीके से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। ढकाल ने सुरक्षाकर्मियों के समर्पण, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए व्यावसायिकता एवं नैतिकता के उच्च मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। समारोह के दौरान सशस्त्र प्रहरी बल के इतिहास, उपलब्धियों और वर्तमान कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, अनुशासित परेड और मनोरंजनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया तथा भविष्य में और अधिक प्रभावी सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई।

## बेतिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी, देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम@ बेतिया**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 17/18 अप्रैल 2026 की रात कृष्णापुरी कॉलोनी, पंवरिया टोला स्थित बलिराम पांडेय के घर पर चढ़कर अपराधियों द्वारा एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। रकम नहीं देने पर फायरिंग की गई और बाद में फोन पर धमकी भी दी गई। इस मामले में बेतिया मुफस्सिल थाना कांड संख्या 162/26, दिनांक 19.04.2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2), 351(2), 61(2) तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चनपटिया थाना क्षेत्र के गुरवलिया निवासी चंदन राय, पिता रामेश्वर राय को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और चार खोखा बरामद किया गया। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 विवेक दीप, बेतिया मुफस्सिल थाना के पु.नि. सह अपर थानाध्यक्ष कंचन भास्कर, जिला तकनीकी शाखा प्रभारी मनोज कुमार सिंह, पुअनि विमल कुमार, पुअनि अमलेश कुमार, परिचा पुअनि अमित कुमार सहित सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## डुमरियाघाट में गंडक नदी में स्नान के दौरान युवक तेज धार में बहा, एसडीआरएफ की टीम कर रही तलाश



**बीएनएम@ डुमरियाघाट**

स्थानीय थाना क्षेत्र से गुजरने वाली नारायणी (गंडक) नदी में स्नान के दौरान रविवार देर शाम एक युवक तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सोमवार सुबह से एसडीआरएफ की दो टीमें मौके पर पहुंचकर लगातार खोजबीन कर रही हैं, लेकिन काफी मशक्कत के बावजूद अब तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया पंचायत निवासी हरिंदर शर्मा का 20 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार अपने कुछ साथियों के साथ रविवार शाम गंडक नदी में स्नान करने आया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गया और देखते ही देखते लापता हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नारायणी नदी का यह हिस्सा भौगोलिक रूप से गोपालगंज जिले में आता है, जबकि इसका बहाव पूर्वी चंपारण क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे रेस्क्यू अभियान में भी चुनौती बढ़ जाती है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि युवक की तलाश के लिए हर संभव प्रयास जारी है।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या, शव को जमीन में दबाया; पति और ससुर गिरफ्तार

**बीएनएम@ बेतिया/चौतरवा**

पश्चिम चंपारण जिले के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसवा बसंतपुर गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर शव को जमीन में दबाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, दहेज की लालच में पति मोहम्मद शाहिद ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी के पिता मोहम्मद आलम ने बेटे को बचाने के उद्देश्य से बहू के शव को जमीन खोदकर छुपा दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और लगातार दबिश बनाई। सख्ती के बाद आरोपी पिता ने बहू के शव की निशानदेही की, जिसके आधार पर पुलिस ने जमीन खोदकर शव बरामद किया। बताया जा रहा है



कि पीड़िता की मां, जो झारखंड की निवासी हैं, ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शव की पहचान मृतका की घड़ी एवं अन्य सामानों के आधार पर की गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# जुआ के अड्डे पर पुलिस छापेमारी, 6 गिरफ्तार; नकदी व सामान बरामद

**बीएनएम@ तुरकौलिया**



तुरकौलिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ के अड्डे पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने 63 हजार 500 रुपये नगद, 5 मोबाइल, एक मच्छरदानी, 52 पीस ताश के पत्ते तथा 16 पीस गुटका बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, बैरिया फतेहटोला स्थित पेट्रोल पंप के पीछे फुलवारी में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही मौके पर मौजूद लोग भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ लिया गया। इस दौरान शंभू कुमार सहनी भागने के क्रम में गिर पड़े, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी शंभू कुमार सहनी, शंकरसरैया निवासी तारीक अनवर एवं लालाबाबू, तुरकौलिया बाजार निवासी सुधीर कुमार चौधरी, बैरिया निवासी सहजाद आलम तथा कवलपुर कांहीटोला निवासी शिप्पु कुमार के रूप में हुई है। इनमें एक को छोड़कर सभी तुरकौलिया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस संबंध में एसआई अयोध्या राम के बयान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि कवलपुर में वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग फुलवारी में जुआ खेलते हुए पैसे को दुगुना करने के नाम पर लोगों को लुभाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान 500 रुपये के 127 नोट समेत अन्य सामान बरामद किया गया। छापेमारी दल में एसआई गजाधर रजक, एएसआई कन्हैया लाल के अलावा पुलिसकर्मी अरविंद कुमार दुबे, अरुण कुमार झा, रंजन यादव सहित अन्य जवान शामिल थे।

## डॉक्टर की जगह गार्ड ने घायल को लगाए टांके

**बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में शर्मनाक लापरवाही**

**बीएनएम@ बगहा**

बगहा अनुमंडलीय अस्पताल एक बार फिर अपनी बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर चर्चा में है। एनएच-727 पर शास्त्री नगर के समीप टेंपो और पिकअप की टक्कर में घायल हुए दो युवकों, वसीम अख्तर और सुरेंद्र पासी को जब इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, तो वहां का नजारा बेहद चौंकाने वाला था। अस्पताल के माइनर ओटी में तैनात एक गार्ड घायलों के जख्मों पर टांके लगा रहा था। हालांकि इसे चिकित्सक की देखरेख में किया गया कार्य बताया गया, लेकिन एक सुरक्षाकर्मी द्वारा चिकित्सीय प्रक्रिया को अंजाम देना अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करता है।यह कोई पहली घटना नहीं है; इससे पूर्व भी इस अस्पताल में गार्ड द्वारा सुई लगाने और डॉक्टरों की अनुपस्थिति जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आती रही हैं। अस्पताल में रात्रि ड्यूटी से चिकित्सकों का नदारद रहना और जीएनएम द्वारा निजी सहायकों से काम कराना अब आम बात हो गई है। मामले पर सफाई देते हुए प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. एके तिवारी ने स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी और मरीजों की अचानक बढ़ी संख्या का तर्क दिया है। बहरहाल, संसाधनों की कमी के नाम पर मरीजों की जान के साथ हो रहे इस खिलवाड़ ने अनुमंडलीय अस्पताल की विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिया है।

## नेऊरा स्टेशन पर तकनीकी कार्य के कारण पटना-आरा रूट की 7 ट्रेनें रद्द

**सासाराम और डीडीयू रूट की पैसेंजर ट्रेनें भी प्रभावित, यात्री परेशान**

**बीएनएम@ पटना**



दानापुर मंडल के नेऊरा स्टेशन पर चल रहे तकनीकी आधुनिकीकरण के कारण पटना-आरा रेलखंड पर रेल यातायात व्यापक रूप से प्रभावित हुआ है। रेलवे द्वारा 18 अप्रैल से 26 अप्रैल 2026 तक प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते इस मार्ग पर चलने वाली 7 पैसेंजर और मेमू ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। इस निर्णय से विशेष रूप से दैनिक यात्रियों, छात्रों और छोटे व्यापारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।रेलवे की सूचना के अनुसार, 25 और 26 अप्रैल को इस कार्य का प्रभाव अपने चरम पर होगा, जब पटना-सासाराम, पटना-डीडीयू और पटना-आरा रूट की महत्वपूर्ण सेवाएँ ठप रहेंगी। स्थानीय ट्रेनों के निरस्तीकरण के अलावा, लंबी दूरी की कई प्रमुख ट्रेनों जैसे इंदौर-पटना एक्सप्रेस और कामाख्या-दिल्ली एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। अब ये ट्रेनें डीडीयू-गया-जहानाबाद के रास्ते संचालित की जा रही हैं।मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने स्पष्ट किया है कि रेल नेटवर्क को अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए यह तकनीकी कार्य अनिवार्य है। उन्होंने यात्रियों को परामर्श दिया है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति की जांच अवश्य कर लें।

## प्रो. अरविन्द नाथ तिवारी 'डॉक्टरेट' की उपाधि से सम्मानित

**फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी ने किया पुरस्कृत**

**बीएनएम@ बगहा**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर सिंह की 99वीं जयंती के अवसर पर, विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में प्रो. अरविन्द नाथ तिवारी को 'मानद डॉक्टरेट' की उपाधि से सम्मानित किया गया। अशोक विहार स्थित 'ग्रीन लांग नार्थ बैंकेंट' के सभागार में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी और कई सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।प्रो. तिवारी को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया है। वर्तमान में वे बगहा-1 स्थित पीयूएसटी महिला महाविद्यालय में इतिहास विभागाध्यक्ष



हैं। पत्रकारिता में उनका सफर अत्यंत गौरवशाली रहा है; उन्होंने 'आज' और 'राष्ट्रीय सहारा' जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से एक लाख से अधिक लेख व समाचार प्रकाशित किए हैं।इसके अतिरिक्त, प्रो. तिवारी गायत्री शक्तिपीठ, बगहा के मुख्य ट्रस्टी के रूप में वर्ष 2002 से निरंतर समाजसेवा और आपदा राहत कार्यों में सक्रिय हैं। उनकी चार प्रमुख पुस्तकें, जिनमें "महानायक मंगल पाण्डेय" और "प्रश्नगत चम्पारण" शामिल हैं, पाठकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। अब तक तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके प्रो. तिवारी की इस उपलब्धि पर बगहा के पत्रकारों, शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे चंपारण के लिए गर्व का विषय बताया है।

## प्रगति का लंबा रास्ता

साल 1990 में भारत में औसतन हर एक लाख शिशु जन्म के दौरान 508 माताओं की मौत होती थी। ये संख्या 2023 में 116 तक आ गिरी। फिर भी भारत वैश्विक स्तर पर कम विकसित देशों की श्रेणी में ही आता है। मातृत्व मृत्यु दर की अवस्था (शिशु को जन्म देने के क्रम में माताओं की होने वाली मौतें) सामाजिक विकास का एक प्रमुख पैमाना है। बीते साढ़े तीन दशक में भारत ने इस कसौटी पर अच्छी प्रगति की है। लेकिन 2015 के बाद से प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ती जा रही है। मशहूर ब्रिटिश मेडिकल जर्नल लांसेट ने एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट में बताया है कि साल से 2000 से 2015 की अवधि सबसे तेज प्रगति की रही, जब अस्पताल/ क्लीनिक में प्रसव, प्रसव-पूर्व देखभाल में सुधार, और आम तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के कारण मातृत्व मृत्यु दर में बड़ी गिरावट आई। लेकिन 2015 से 2023 की अवधि में ये रफ्तार सुस्त हो गई है।

अध्ययनकर्ताओं ने कहा है कि ये परिघटना उन व्यवस्थागत चुनौतियों की ओर इशारा करती है, जिनका हल ढूंढना कठिन बना हुआ है। प्रसव के दौरान अधिक खून बहना, हाई ब्लड प्रेशर से जुड़ी दिक्कतें, और आम देखभाल में कमी गर्भवस्था या डिलिवरी के दौरान माताओं की मौत की बड़ी वजहें बनी हुई हैं। ये वो कारण हैं, जिन्हें दूर किया जा सकता है, मगर उसके लिए लक्ष्य केंद्रित सार्वजनिक पहल की जरूरत है। संभवतः इसमें कमी के कारण ही 2023 में भारत में 24,700 महिलाओं की मौत मां बनने के क्रम में हो गई। 1990 में ये संख्या 1.19 लाख और 2015 में 36,900 थी। जाहिर है, प्रगति का क्रम बना हुआ है, मगर वार्षिक प्रगति की रफ्तार धीमी हुई है।

1990 में भारत में औसतन हर एक लाख शिशु जन्म के क्रम में 508 माताओं की मौत होती थी। ये संख्या 2023 में 116 तक आ गिरी। इसके बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस दर के साथ भारत वैश्विक स्तर पर नाईजीरिया, इथोपिया और पाकिस्तान जैसे कम विकसित देशों की श्रेणी में आता है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत प्रति एक लाख जन्म पर मातृत्व मृत्यु दर को 70 के नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है। यानी भारत को अभी भी प्रगति का लंबा रास्ता तय करना है। अतः जरूरी है कि इसकी रफ्तार धीमी ना होने दी जाए।

# सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता का उदयः भुवनेश्वर से उठती तकनीकी क्रांति की नई लहर

विनोद कुमार सिंह

भारत की विकास यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब कोई पहल केवल एक परियोजना नहीं रहती, बल्कि वह राष्ट्र के भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाली धुरी बन जाती है। 19 अप्रैल 2026 को भुवनेश्वर की धरती पर देश की पहली काँच आधारित उन्नत त्रि-आयामी सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई के शिलान्यास के साथ ऐसा ही एक ऐतिहासिक अध्याय प्रारंभ हुआ। यह केवल एक औद्योगिक स्थापना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के उस स्वप्न का साकार रूप है, जिसमें तकनीक, नवाचार और राष्ट्रीय संकल्प एक साथ आगे बढ़ते दिखाई देते हैं।आज का युग सूचना, संचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है।इस युग की हर धड़कन के केंद्र में सेमीकंडक्टर है—वह अदृश्य शक्ति, जो मोबाइल फोन से लेकर अंतरिक्ष अभियानों तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर रक्षा प्रणालियों तक हर क्षेत्र को संचालित करती है। ऐसे में भारत का इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में एक अनिवार्य कदम है। भुवनेश्वर में स्थापित हो रही यह उन्नत इकाई इसी व्यापक दृष्टिकोण का परिणाम है।इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का उद्बोधन पूरे आयोजन की आत्मा बनकर उभरा। उनके शब्दों में केवल एक परियोजना की जानकारी नहीं थी, बल्कि उसमें भारत के तकनीकी भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा और आत्मविश्वास का स्वर गूंज रहा था। उन्होंने इस पहल को देश की तकनीकी संप्रभुता से जोड़ते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में केवल उपभोक्ता नहीं रहेगा,बल्कि वह निर्माण, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उनके वक्तव्य में यह भाव स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि काँच आधारित त्रि-आयामी पैकेजिंग तकनीक भारत के लिए एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध होगी, जो उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दूरसंचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में देश को नई शक्ति प्रदान करेगी।केंद्रीय मंत्री ने जिस विश्वास और दूरदर्शिता के साथ इस परियोजना को भारत के भविष्य से जोड़ा,वह यह संकेत देता है कि देश अब तकनीकी प्रतिस्पर्धा में पीछे रहने को तैयार नहीं है।उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका निरंतर मजबूत हो रही है और यह पहल देश को एक विश्वसनीय तथा सक्षम तकनीकी साझेदार के रूप में स्थापित करेगी।उनके उद्बोधन में



आत्मनिर्भर भारत की वह व्यापक अवधारणा स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसमें तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति का आधार बनती है।इस अवसर पर मोहन चरण माँझी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में राज्य की प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए कहा कि ओडिशा निवेश और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने इस परियोजना को राज्य के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह ओडिशा को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगी।

लगभग 1,943 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हो रही यह परियोजना भारत की पहली काँच सब्सट्रेट आधारित उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग सुविधा है। केंद्र सरकार द्वारा लगभग 799 करोड़ रुपये और राज्य सरकार द्वारा लगभग 399 करोड़ रुपये के सहयोग से यह परियोजना राष्ट्रीय प्राथमिकता का स्वरूप धारण कर चुकी है।लगभग 2,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन करते हुए यह इकाई देश के युवाओं को उच्च तकनीकी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी।प्रति वर्ष लगभग पाँच करोड़ इकाइयों के उत्पादन की क्षमता इस परियोजना को भारत के सेमीकंडक्टर परिदृश्य में एक सशक्त आधार प्रदान करेगी।

तकनीकी दृष्टि से यह परियोजना अपने आप में अद्वितीय है।काँच आधारित सेमीकंडक्टर पैकेजिंग तकनीक पारंपरिक सिलिकॉन आधारित प्रणालियों की तुलना में अधिक प्रभावी, ऊर्जा-कुशल और विश्वसनीय मानी जाती है।उच्च आवृत्ति पर बेहतर सिग्नल गुणवत्ता, तापीय स्थिरता और कम ऊर्जा हानि जैसी विशेषताएँ इसे भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती हैं।यही कारण है कि यह तकनीक डेटा केंद्रों, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता,उन्नत संचार प्रणालियों और रक्षा क्षेत्र में व्यापक उपयोग की संभावनाएँ रखती है।

इस परियोजना की एक और विशेषता इसकी पूर्णतः एकीकृत संरचना है,जिसमें काँच पैनल निर्माण,चिप असेंबली और उन्नत पैकेजिंग सभी एक ही परिसर में संचालित होंगे।यह मॉडल उत्पादन की दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण और लागत प्रबंधन को भी सुदृढ़ करेगा। तीन प्रमुख उत्पादन इकाइयों—काँच पैनल प्रसंस्करण,असेंबली एवं पैकेजिंग,तथा त्रि-आयामी एकीकृत मॉड्यूल निर्माण के माध्यम से यह परियोजना भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक नई ऊँचाई प्रदान करेगी।इस परियोजना के कार्यान्वयन की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। स्थल परीक्षण और प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया जारी है।उत्पादन प्रारंभ होने की संभावित समयसीमा वर्ष 2028 निर्धारित की गई है,जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2030 तक आरंभ होने की संभावना है। यह समयबद्ध योजना भारत की बढ़ती औद्योगिक क्षमता और कार्यान्वयन दक्षता का प्रमाण है।

वैश्विक स्तर पर भी इस परियोजना को व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अग्रिम मांग और सहयोग के संकेत यह दर्शाते हैं कि भारत अब वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक महत्वपूर्ण भागीदार बनने की दिशा में अग्रसर है।यह न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होगा,बल्कि देश की रणनीतिक क्षमताओं को भी सुदृढ़ करेगा। संक्षेप में भुवनेश्वर में स्थापित हो रही यह उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई भारत के तकनीकी आत्मविश्वास,आर्थिक दृष्टि और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। अश्विनी वैष्णव के उद्बोधन में व्यक्त दृष्टि इस बात का संकेत है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में अग्रिम पंक्ति में खड़ा होने के लिए तैयार है।यह पहल उस नए भारत की कहानी कहती है,जो अपने सपनों को साकार करने के लिए केवल संकल्पित ही नहीं, बल्कि सक्षम भी है,इस ऐतिहासिक क्षण का सबसे बड़ा संदेश है।

(स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# नारी सम्मान की पुकार में विपक्ष की पराजय और संघर्ष में भी विजय का विश्वास

कांतिलाल मांडोत

देश की राजनीति के वर्तमान दौर में महिला आरक्षण और परिसीमन का मुद्दा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं बल्कि जनभावनाओं और राजनीतिक दृष्टिकोण का आईना बनकर सामने आया है इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कौन वास्तव में नारी सशक्तिकरण के साथ खड़ा है और कौन इस विषय को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है। संसद में जो कुछ हुआ और उसके बाद जिस प्रकार से बयानबाजी और रणनीतियां सामने आईं उसने लोकतंत्र की परिपक्वता और दलों की मंशा दोनों को उजागर कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस पीड़ा और प्रतिबद्धता के साथ देश को संबोधित किया वह केवल एक नेता का वक्तव्य नहीं बल्कि एक जिम्मेदार नेतृत्व का संकेत था। उन्होंने यह स्वीकार किया कि महिला आरक्षण विधेयक पारित न हो पाने का उन्हें दुख है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होगा बल्कि और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगा यह दृष्टिकोण जनता के भीतर विश्वास पैदा करता है कि प्रयास सच्चे हैं और दिशा स्पष्ट है।

विपक्षी खेमे मेराहुल,प्रियंका और सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेताओं की बैठकों और प्रेस वार्ताओं ने यह दर्शाया कि वे इस मुद्दे को जनहित की बजाय राजनीतिक अवसर के रूप में अधिक देख रहे हैं ।महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर स्पष्ट और ठोस समर्थन देने के बजाय उन्होंने शर्तों और संशोधनों की बात कर अपने रुख को कमजोर किया है। यह जनता के सामने उनकी प्राथमिकताओं को उजागर करता है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि विपक्ष अब यह कह रहा है कि पुराने विधेयक को वर्तमान सीटों पर लागू किया जाए लेकिन जब अवसर था तब उन्होंने उसी विधेयक को समर्थन क्यों नहीं दिया। यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। जनता इस विरोधाभास को भलीभांति समझ रही है और यह स्थिति विपक्ष की विश्वसनीयता को कमजोर करती है।

परिसीमन के मुद्दे पर भी जिस प्रकार से भ्रम फैलाने की कोशिश की गई वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ न्याय नहीं है यह एक संवैधानिक व्यवस्था है जिसका उद्देश्य प्रतिनिधित्व को संतुलित करना है। लेकिन इसे क्षेत्रीय असंतुलन और राजनीतिक नुकसान के रूप में प्रस्तुत करना केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में इस भ्रम को दूर करने का प्रयास किया और यह स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया सभी राज्यों के लिए समान रूप से लागू होती है।

इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा और एनडीए की रणनीति अधिक स्पष्ट और संगठित दिखाई देती है जहां एक ओर वे संसद में अपने प्रयासों के माध्यम से विधेयक को पारित कराने की कोशिश कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर अब वे जनता के बीच जाकर इस विषय को समझाने का संकल्प ले रहे हैं। यह सक्रियता और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि वे इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में देखते हैं।

विपक्ष द्वारा देशभर में अभियान चलाने और सरकार के खिलाफ वातावरण बनाने की बात यह दर्शाती है कि वे संसद में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने में असफल रहे अब वे सड़कों पर संघर्ष के माध्यम से अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं ,लेकिन आज की जागरूक जनता केवल नारों और आरोपों से प्रभावित नहीं होती वह कार्य और नीयत दोनों को परखती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जिस प्रकार से परिवारवाद और स्वार्थी राजनीति का उल्लेख किया वह भारतीय राजनीति की एक पुरानी समस्या की ओर संकेत करता है ।जब निर्णय समाज के व्यापक हित की बजाय कुछ परिवारों के हित में लिए जाते हैं, तब विकास और समान अवसर बाधित होते हैं ।महिला आरक्षण जैसे विषय ऐसे ढांचे के लिए चुनौती बनते हैं क्योंकि यह नई नेतृत्व क्षमता को जन्म देता है और सत्ता के केंद्रीकरण को तोड़ता है।

इस पूरे प्रकरण ने यह भी स्पष्ट किया है कि आज की नारी केवल दर्शक नहीं है वह सक्रिय रूप से राजनीति और समाज को समझ रही है। वह यह देख रही है कि कौन उसके अधिकारों के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहा है और कौन केवल दिखावे की राजनीति कर रहा है। यह जागरूकता भविष्य के राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करेगी।

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के लिए यह स्थिति एक बड़ी राजनीतिक चुनौती के रूप में सामने आई है ।उनकी रणनीति में स्पष्टता की कमी और उनके बयानों में विरोधाभास ने उन्हें कमजोर स्थिति में ला खड़ा किया है ।यह कहना गलत नहीं होगा कि इस मुद्दे पर उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा है यह हार केवल संसद में नहीं बल्कि जनमानस में भी दिखाई दे रही है।

दूसरी ओर एनडीए के लिए यह एक अलग प्रकार की स्थिति है, जहां विधेयक पारित न हो पाने के बावजूद उन्होंने नैतिक और वैचारिक स्तर पर एक मजबूत स्थान प्राप्त किया है। यह वह स्थिति है जहां संघर्ष में भी जीत का अनुभव होता है। क्योंकि उद्देश्य स्पष्ट और प्रयास निरंतर हैं जनता इस अंतर को समझती है और यही समझ भविष्य में उनके समर्थन का आधार बन सकती है।

यह समय सभी राजनीतिक दलों के लिए आत्ममंथन का है लेकिन विशेष रूप से विपक्ष के लिए यह आवश्यक है कि वह केवल विरोध की राजनीति से आगे बढ़े और राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभाए अन्यथा वह जनता का विश्वास खोता जाएगा।

अंततः यह कहा जा सकता है कि महिला आरक्षण और परिसीमन का यह पूरा घटनाक्रम भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अध्याय बन गया है ।इसमें जहां एक ओर विपक्ष की कमजोरियां उजागर हुई हैं वहीं दूसरी ओर एनडीए की दृढ़ता और संकल्प सामने आया है। यह संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं वे यह बताते हैं कि जनता अब अधिक सजग है और वह सही समय पर सही निर्णय लेने के लिए तैयार है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष भी है।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज घरेलू काम पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिये हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

**वृषभ राशिः** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते काम रुक सकता है। आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से विचार विमर्श अवश्य करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये विचार आते रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र 12वीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र हॉयर एजुकेशन के लिये विदेश जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है। शाम को घर का माहौल ठीक रहेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिये भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिये आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बहुत शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। कोर्ट कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिये दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ बितायेंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए।

**कुंभ राशिः** आज दिन आपके लिए सम्मानजनक रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी, हर व्यक्ति आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ सकते हैं।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा। परिवार में सभी के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

# एकात्म धाम बन रहा है एकात्मता का दिव्य केन्द्र

हर्षवर्धन पान्डे

भारत की आध्यात्मिक भूमि पर ऐसे अनेक तीर्थ स्थल हैं, जहाँ प्राचीन ज्ञान और आधुनिक संकल्प एक साथ जुड़कर मानवता को नई दिशा देते हैं। इन्हीं में से एक है एकात्म धाम, जो मध्यप्रदेश के पावन ओंकारेश्वर में स्थित है। यह धाम आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत दर्शन और एकात्मता के सार्वभौमिक संदेश को समर्पित है। नर्मदा नदी के किनारे मांधाता पर्वत पर स्थित यह स्थल न केवल एक तीर्थ है, बल्कि सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक जागरण और वैश्विक सद्भाव का प्रतीक भी बन रहा है।

12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का विशेष स्थान है। नर्मदा नदी के बीच स्थित यह ओम आकार का द्वीप प्राचीन काल से ही तीर्थयात्रियों का प्रमुख केन्द्र रहा है। किंवदंती है कि विन्ध्य पर्वत ने यहां शिव की आराधना की और शिव स्वयं ओमकारेश्वर रूप में प्रकट हुए। 8वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य का जीवन से इस स्थल का गहरा संबंध है। यहीं गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा पाने के साथ ही उन्होंने अद्वैत दर्शन की गहराई प्राप्त की। शंकराचार्य ने पूरे भारत में चार मठों की स्थापना कर सनातन धर्म का पुनरुत्थान किया और "ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या" जैसे महान सिद्धांत दिए। एकात्म धाम इसी योगदान को याद दिलाता है और इन दिनों उनके दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है।

मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना के रूप में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तहत एकात्म धाम का इन दिनों विकास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अद्वैत वेदांत को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करना, सांस्कृतिक एकता को मजबूत करना और मानवता में एकत्व का भाव जगाना है। आचार्य शंकर ने भारतवर्ष का भ्रमण कर सम्पूर्ण राष्ट्र को सार्वभौमिक एकात्मता से आलोकित किया। आचार्य शंकर की एकात्मता की प्रतिमा 108



फीट ऊंची भव्य प्रतिमा बहुधातु से निर्मित है। यह आदि शंकराचार्य को समर्पित है और एकात्मता का सन्देश दे रही है। 21 सितंबर 2023 को इसका अनावरण हुआ था। नर्मदा नदी और मांधाता पर्वत के सुरम्य वातावरण में यह प्रतिमा दूर से ही दर्शन देती है। यहाँ स्थित अद्वैत लोक एक आधुनिक संग्रहालय है, जिसमें आचार्य शंकर के जीवन, उनके दर्शन, शास्त्रार्थ और सनातन धर्म की विभिन्न वीथिकाएं, लेजर-लाइट शो, फिल्म और प्रदर्शनियां होंगी। यहां सृष्टि की एकता को समझाने वाले केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान में वेदांत दर्शन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कला पर शोध केंद्र, शंकर कलाग्राम, नर्मदा विहार,ध्यान केंद्र, ग्रंथालय, गुरुकुल और विस्तार केंद्र शामिल हैं। मोहन सरकार द्वारा इसे महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है 2028 तक जिसके मुख्य निर्माण कार्य पूरे होने की उम्मीद है। एकात्मधाम के अंतर्गत दूसरे चरण में 2195 करोड़ रूपये की लागत से आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर केंद्रित अद्वैत लोक संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आचार्य शंकर के जीवन, उनके भाष्यों, पांडुलिपियों,दर्शन एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित व प्रदर्शित करना है। परियोजना में संग्रहालय, शोध-केंद्र, शैक्षिक सुविधाएँ तथा तीर्थ और सांस्कृतिक पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे का विकास शामिल करने की रूपरेखा रखी गयी है जिससे न केवल आध्यात्मिक-अध्ययन को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक यहां पांच दिवसीय अनुष्ठान का बड़ा आयोजन हो रहा है जहां 700 से अधिक शंकर दूत के रूप में दीक्षा लेकर एकात्मता के संदेश को रेखांकित कर रहे हैं। इस अनुष्ठान में भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के अनेक शीर्ष संत,आर्ष चिंतक और विशिष्टजन की विशेष सहभागिता हो रही है। मौजूदा दौर में जब पूरी दुनिया में भेदभाव, संघर्ष और अलगाव बढ़ रहा है ऐसे में एकात्म धाम यह बताता है कि आत्मा की एकता से ही समाज, राष्ट्र और विश्व की एकता संभव है। मोहन सरकार एकात्म धाम के माध्यम से आचार्य शंकर के दर्शन को वैश्विक फलक पर स्थापित करने के प्रयासों में जुटी हुई है। एकात्म धाम के माध्यम से एमपी सरकार संतों, विद्वानों और आमजन को एक मंच पर लाने का अनुपम कार्य कर रही है जहां युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता हो रही है। एमपी की मोहन सरकार के प्रयासों से यह धाम जल्द ही सनातन धर्म की अमर विरासत को संजोते हुए वैश्विक एकता का बड़ा केन्द्र बनेगा।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# ऑरेंज कैप के लिए वैभव सूर्यवंशी, पर्पल कैप की रेस में अंशुल कंबोज शीर्ष पर पहुंचे

**एजेंसी, मुम्बई**

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी 46 रनों की पारी के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ मे शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हो गये हैं। वैभव ने इस मैच में 28 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के लगाये। इस दौरान इस बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट 164.29 का था। वैभव ने अब तक इस आईपीएल सत्र के 6 मैचों में 246 रन बनाये हैं, उन्होंने यह रन 41 की औसत और 236.54 के स्ट्राइक रेट से बनाये हैं। इस प्रकार वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पहले नंबर पर 283 रनों के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं जबकि दूसरे पर गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 251 और तीसरे पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 247 रन हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी 246 रनों के साथ ही चौथे और रजत पाटीदार 230 रनों के साथ ही पांचवे स्थान पर हैं। वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज बेहतरीन प्रदर्शन कर पहले नंबर पर हैं उनके 6 मैचों में 13 विकेट हैं और वह पर्पप कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव ने 6 मैचों में 11 विकेट लेकर दूसरा स्थान हासिल किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/20 और 8.59 का इकॉनमी रेट रहा है।




तीसरे नंबर पर गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 मैचों में 11 विकेट लिए हैं।उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 रहा है और उनका 9.20 का इकॉनमी रेट रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। उनका इकॉनमी रेट 8.33 है, जो शीर्ष 5 में सबसे अच्छा है। राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई पांचवे नंबर पर हैं। बिश्नोई ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 9.50 है।

## धोनी की वापसी को लेकर मुझे जानकारी नहीं : कोच हसी

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 19 वें सत्र में एक भी मैच में नहीं उतरे हैं। इससे धोनी के प्रशंसक आशंकित हैं और उनको लग रह है कि कहीं धोनी संन्यास तो नहीं ले रहे क्योंकि वह 44 साल के हो रहे हैं और लीग शुरु हुए महीना पूरा होने जा रहा है। इसी को लेकर जब टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी से पूछा गया तो उनका भी कहना है कि धोनी की वापसी को लेकर उन्हें जानकारी नहीं है। धोनी आईपीएल की शुरुआत से पहले ही अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे। उनकी पिंडली में चोट लगी थी जिससे वह उबर रहे हैं और टीम के साथ यात्रा भी कर रहे हैं। सीएसके प्रबंधने ने भी अभी तक ये नहीं जानकारी दी है कि वह कब तक वापसी करेंगे। हसी के अनुसार धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं पर अभी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। हसी से जब पूछा गया कि क्या धोनी की वापसी को लेकर कोई योजना है, तो उन्होंने कहा, "नहीं, मुझे नहीं पता। मुझ बस इतनी जानकारी है कि वह अपनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और मैं उनकी बल्लेबाजी से उत्साहित हूं।"




हसी ने आगे कहा, " वापसी इसपर आधारित रहेगी कि वह दौड़ने की स्थिति में हैं या नहीं क्योंकि वह पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। ऐसे में उन्हें तेजी से एक या दो रन लेने होंगे। उन्हें देखना होगा कि दौड़ आसानी से लगा पा रहे हैं या नहीं। इसके बाद भी मुझे में चाहूंगा कि वह शीघ्र वापसी करें।" आईपीएल सत्र से पहले ही यह घोषणा कर दी गई थी कि वह पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे।

## बाबर आजम ने दो साल बाद टी20 में लगाया शतक

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने यहां पारी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शतक लगाया है। आजम लंबे समय के बाद टी20 प्रारुप में शतक लगाने में सफल हुए हैं। उन्होंने ये शतक दो साल बाद लगाया है। आजम ने पेशावर जाल्मी की ओर से खेलते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ 100 रन बनाये। पेशावर जाल्मी की कप्तानी करते हुए आजम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंद में शतक लगाया। अंतिम गेंद में उन्हें ये उपलब्धि हासिल हुई। बाबर को शतक पूरा करने के लिए दो रन चाहिए थे जो उन्होंने अंतिम गेंद पर ऑन-ड्राइव खेलकर बना लिए। यह बाबर का 12वां टी20 शतक था और ये फरवरी 2024 के बाद पहली बार बना है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों की सूची में वह दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम 22 शतक हैं। यह उनका तीसरा पीएसएल शतक भी था। ये तीनों ही उन्होंने पेशावर जाल्मी की ओर से खेलते हुए बनाये हैं. इनमें से दो शतक क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ भी बने हैं। इससे पहले साल 2023 सीजन में रावलपिंडी में उन्होंने 65 गेंद में 115 रन बनाये थे। 52 गेंद में बना यह शतक उनके करियर का दूसरा सबसे तेज शतक है। इससे पहले उन्होंने सबसे तेज शतक 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में लगाया था।



## भारत में फीफा विश्वकप मैचों के प्रसारण को लेकर संशय बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार पूरे विश्व के साथ-साथ भारत में भी फुटबॉल प्रशंसक कर रहे हैं हालांकि इसके देश में प्रसारण को लेकर संशय छाया हुआ है। इसका कारण ये है कि अभी तक किसी भी भारतीय टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस मेगा इवेंट के मीडिया अधिकार नहीं खरीदे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भारतीय दर्शक इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को देख पाएंगे या नहीं। विश्व कप संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। 11 जून, 2026 से इसकी शुरुआत होगी और यह पहली बार होगा जब 48 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भले ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई हो, लेकिन देश में फुटबॉल के प्रति जुनून किसी से छिपा नहीं है। लाखों भारतीय प्रशंसक हर चार साल में होने वाले इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। पिछले विश्व कपों में भी भारत में रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या दर्ज की गई थी, जो यहां के फुटबॉल प्रेम की गहराई को दर्शाता है।

## शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को बाहर करे मुम्बई इंडियंस : श्रीकांत

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन कर रहे मुम्बई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को आड़े हाथों लिया है। श्रीकांत ने कहा है कि इन दोनो को ही घर वापस भेज देना चाहिये क्योंकि ये दोनो ही अंतिम ग्यारह में रखे जाने के योग्य नहीं दिखते। श्रीकांत ने मुंबई इंडियंस के प्रबंधन से कहा है कि इन दोनो को आगे के मैचों में शामिल न करे। श्रीकांत ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुंबई इंडियंस कैसे दीपक चाहर को अंतिम ग्यारह में शामिल किये हुए है। पहले ही ओवर में चाहर ने 21 रन दिए और फिर 22 रन दिए थे। 2.3 ओवर में 45 रन। वहीं शार्दुल ने 3 ओवर में 42 रन दिए। उन्होंने एक साथ 5.3 ओवर किए और 87 रन खर्च किए। उन्होंने साथ ही कहा, इस प्रकार के गेंदबाजों के साथ किया प्रकार से जीता जा सकता है। श्रीकांत इन दोनो से इतने नाराज दिखे की उन्होंने कहा कि इन्हें पैसे देकर आराम से घर बैठने को कहो। जब जरुरत होगी इन्हें बुला लिया जाएगा।। वहीं टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है पर टीम के कोच महेला जयवर्धने ने उनका बचाव किया है।



# बिजनेस

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सर्राफा बाजार में आज सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,920 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।




देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## होर्मुज पर टेंशन हाई से कच्चा तेल उछला, ब्रेंट क्रूड का भाव 96.27 डॉलर प्रति बैरल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया संकट के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लगभग बंद होने से कच्चा तेल में उबाल देखने को मिल रहा है। सोमवार को शरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड का भाव 6.5 फीसदी उछलकर 96.27 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 7.5 फीसदी की बढ़त के साथ 90 डॉलर प्रति बैररल पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई बाधित होने की आशंका के बीच अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड और अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। कारोबार के दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड 5.20 डॉलर यानी 6.20 फीसदी की उछाल के साथ 89.05 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड भी 4.81 डॉलर यानी 5.32 फीसदी की बढत के साथ 95.19 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इससे साफ है कि वैश्विक बाजार में तनाव का असर तेजी से दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार उतार-चढाव दखेने को मिल रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी का रुख बना हुआ था। वहीं एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद की वजह से अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान पॉजिटिव नोट पर कारोबार करते रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 84.78 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,126.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 365.78 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,468.48 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 377.39 अंक यानी 0.76 प्रतिशत फिसल कर 49,070.04 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.73 प्रतिशत उछल कर 10,667.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 162.43 अंक यानी 1.93 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 8,425.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 547.77 अंक यानी 2.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,702.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के नौ बाजार में से छह के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि तीन सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.10 प्रतिशत फिसल कर 24,394.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत लुढ़क कर 1,479.76 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 7,632.66 अंक के स्तर पर आ गया है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,005.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,078.39 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 521.93 अंक यानी 1.42 प्रतिशत उछल कर 37,326.27 अंक के स्तर पर आ गया है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,261.19 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।




## भारतीय टैंकर 'देश गरिमा' ने सुरक्षित पार किया होर्मुज, 22 अप्रैल को पहुंचेगा मुंबई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के ध्वज वाले तेल के टैंकर 'देश गरिमा' ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इस जहाज के 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की संभावना जताई गई है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि भारतीय ध्वज वाले कच्चे तेल के टैंकर देश गरिमा ने 18 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है। इस जहाज में 31 भारतीय नाविक सवार है, इसके 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय टैंकर ने इस तनाव-ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। इसके बाद भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में, दो भारतीय पोतों, वीएलसीसी समनार हेराड और बल्क कैरियर जग अर्नव, ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय गोलीबारी की घटना की सूचना दी, जिसके बाद वे फारस की खाड़ी में लौट आए। फिलहाल चालक दल के किसी भी सदस्य के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी गोलीबारी की घटना पर ईरान के राजदूत को तलब करके गहरी चिंता व्यक्त की थी।



## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की मजबूती और बढ़ गई। हालांकि पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की कमजोरी मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर 2.14 प्रतिशत से लेकर 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, जियो फाइनेंशियल, टीएमपीवी, एचडीएफसी लाइफ, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और एटरनल के शेयर 3.62 प्रतिशत से लेकर 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,776 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 945 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,831 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 139.36 अंक की मजबूती के साथ 78,632.90 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक उछल कर 78,733.25 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण इस सूचकांक ने थोड़ी देर में ही अपनी बढ़त गंवा दी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 5.82 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 78,487.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 37.95 अंक उछल कर 24,391.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से पहले 10 मिनट में ही यह सूचकांक उछल कर 24,420.20 अंक तक आ गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से निफ्टी की चाल कमजोर पड़ गई।



# अभिनेता विजय देवरकोंडा ने किया नई फिल्म वीडीएक्सशौर्यव का ऐलान

## हाय नन्ना के शौर्ययुव करेंगे डायरेक्ट, फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

तेलुगु अभिनेता विजय देवरकोंडा बीते कुछ महीनों से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। रश्मिका मंदाना से शादी के ठीक बाद उनकी फिल्म रणबाली का पोस्टर जारी हो गया, जिसमें उनके साथ रश्मिका भी नजर आएंगी। अब विजय देवरकोंडा ने निर्देशक शौर्यव के साथ अपनी नई फिल्म वीडीएक्सशौर्यव का ऐलान कर दिया है। घोषणा के साथ ही उन्होंने फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें वे एक दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। वीडीएक्सशौर्यव का फर्स्ट-लुक पोस्टर जैसे ही इंटरनेट पर जारी हुआ, तेजी से लोकप्रिय हो गया और अब प्रशंसक विजय देवरकोंडा के प्रभावशाली लुक की खूब तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए विजय देवरकोंडा ने लिखा, मेरी अगली फिल्म है - वीडीएक्सशौरयुव। इस चुनौतीपूर्ण फिल्म को बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य को हाथ में लेने वाली टीम से मिलिए। शौर्यव और उनकी बेमिसाल कल्पनाशीलता और गहन हदय के साथ इस धमाकेदार वैश्विक टीम के साथ काम करके बेहद खुश हूं। दहाड़ो मेरे दोस्तों। मैं अपना सब कुछ दूंगा। बेहद उत्साहित हूं और ढेर सारा प्यार।

विजय देवरकोंडा द्वारा घोषणा पोस्ट साझा करने के बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स और सेलेब्रिटीज ने कमेंट सेक्शन में उत्साह भरे संदेशों की बाढ़ ला दी है। अंगद बेदी ने लिखा, बधाई हो, शानदार घोषणा शौर्यव गारू विजय देवरकोंडा। मृणाल ठाकुर ने भी कमेंट करते हुए लिखा, चलो चलें! एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा- पोस्टर ने ही सब कह दिया है, ये बहुत बड़ी होने वाली है।

अस्थायी रूप से वीडीएक्सशौरयुव टाइटल वाली इस फिल्म का निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट्स कर रही है, जिसने मृणाल ठाकुर और नानी की फिल्म ही नन्ना का भी निर्माण किया था। हालांकि, फिल्म की कहानी और स्टार कास्ट के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। वहीं विजय देवरकोंडा की बात करें तो उनके पास कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं, जिनमें रणबाली और राउडी जनार्दन शामिल हैं।



# रिलीज होते ही छाया गणेश आचार्य का गाना माही वे, आकांक्षा पुरी संग दिखी जबरदस्त केमेस्ट्री

मशहूर कोरियोग्राफर और एक्टर गणेश आचार्य व एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी स्टारर हिंदी म्यूजिक वीडियो माही वे दर्शकों के बीच आते ही तेजी से वायरल हो रहा है. यह म्यूजिक वीडियो सुर म्यूजिक रिकार्ड्स के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है. यह गाना, गणेश आचार्य और आकांक्षा पुरी के इमोशनल अंदाज़, दमदार म्युजिक और शानदार विजुअल्स के कारण दर्शकों का खूब प्यार बटोर रहा है. रिलीज के कुछ ही समय में गाने को सोशल मीडिया और यूट्यूब पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है.

गाने को लेकर गणेश आचार्य ने कहा, माही वे सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति है. इसकी कहानी, संगीत और विजुअल्स हर किसी को अपनी जिंदगी के किसी न किसी एहसास से जोड़ देंगे. दर्शकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह बेहद खास है. मुझे खुशी है कि लोग इस गाने की भावना को महसूस कर रहे हैं.

गणेश आचार्य ने आगे कहा, 'माही वे मेरे लिए बेहद खास प्रोजेक्ट है क्योंकि इस गाने में केवल डांस या परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि गहरी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का मौका मिला. जब मैंने पहली बार इस गाने का कॉन्सेप्ट सुना, तभी समझ गया था कि यह दर्शकों के दिलों तक पहुंचेगा.

उन्होंने आगे कहा, सुल्ताना नूरान और शबाब साबरी की आवाज़ ने इसे अलग ऊंचाई दी है. आकांक्षा पुरी के साथ काम करने का अनुभव भी शानदार रहा. जिस तरह से दर्शक इस गाने को प्यार दे रहे हैं, वह बताता है कि अच्छे कंटेंट की हमेशा कद्र होती है. मुझे उम्मीद है कि 'माही वे आने वाले दिनों में और बड़ा हिट साबित होगा.



बता दें, गाने को अपनी आवाज दी है मशहूर गायिका सुल्ताना नूरान और गायक शबाब साबरी ने, जिसने गाने को और भी खास बना दिया है. वहीं अशोक पंजाबी के लिखे बोल और राहुल राजपूत के संगीत ने इस रोमांटिक-इमोशनल ट्रैक को खास बना दिया है. यह गाना प्यार, दर्द और जुदाई की भावनाओं को बहुत खूबसूरती से दिखाता है, जो सीधे दिल को छूता है.

# अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत ने पोस्ट साझा कर मचा दी हलचल

हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रतिभाशाली अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत ने एक रहस्यमय पोस्ट साझा कर मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी है। कन्नड़ फिल्म कांतारा से अपनी पहचान बनाने वाली रुक्मिणी वसंत का मिस्ट्री वाला वैनिटी पोस्ट फैंस को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पोस्ट ने फैंस और फिल्म क्रिटिक्स, दोनों को अटकलों के भंवर में धकेल दिया है। अपने करियर के एक बेहद सफल और परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहीं रुक्मिणी ने अपनी वैनिटी से एक शांत, लेकिन गहरा संदेश देने वाली तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर परोक्ष रूप से संकेत देती है कि अभिनेत्री किसी नए प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब



रुक्मिणी के अभिनय की हर तरफ तारीफ हो रही है। उनकी हालिया परफॉर्मेंस को उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है, जिसने उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। स्क्रीन पर उनकी जबरदस्त उपस्थिति और किरदारों को जीवंत करने की क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया है, और यही वजह है कि उनके हर कदम पर सबकी निगाहें टिकी रहती हैं। रुक्मिणी के आगामी प्रोजेक्ट्स की लिस्ट भी काफी प्रभावशाली है। इनमें से एक है बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स, जिसमें वह सुपरस्टार यश के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रुक्मिणी मेलिसा नामक एक रहस्यमयी किरदार निभा रही हैं, जिसमें गहरे भावनात्मक स्तर और कहानी के डार्क, फेयरीटेल जैसे संसार का एक अभिन्न हिस्सा होने की बात कही गई है। यह फिल्म 4 जून 2026 को रिलीज होने वाली है, और इसकी भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह रुक्मिणी के करियर में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। इसके अलावा, वह प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक एक्शन ड्रामा एनटीआरनील में जूनियर एनटीआर के साथ भी नजर आएंगी। इस पैन-इंडिया फिल्म में उनका फीमेल लीड का किरदार पहले ही कन्फर्म हो चुका है, जो उनकी बढ़ती लोकप्रियता और बड़े बैनर की फिल्मों में उनकी मांग को दर्शाता है। कन्नड़ सिनेमा में भी, रुक्मिणी ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म साइन की है ।

# मृणाल ठाकुर बोलीं-चंकी पांडे को अपने पति के रूप में देख हिल गई थी मैं

**मृणाल ने बताया कि उन्हें ये जानकारी नहीं थी कि फिल्म में चंकी पांडे उनके पति की भूमिका निभाएंगे।**

आ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को अजय देवगन अभिनीत फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में देखा गया था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। उधर मृणाल का भी इस फिल्म में काम करने का अनुभव अच्छा नहीं रहा। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि इस फिल्म में हुए अचानक बदलावों और उनकी भूमिका के साथ किए गए रचनात्मक समझौतों ने उन्हें काफी आहत किया। क्या कुछ बोलीं मृणाल, आइए जानते हैं। मृणाल ने स्वीकार किया कि फिल्म का फाइनल कट देखने के बाद उनका विश्वास डगमगा गया। उन्होंने बताया कि उन्हें ये जानकारी नहीं थी कि फिल्म में चंकी पांडे उनके पति की भूमिका निभाएंगे। एक सीनियर एक्टर का उनके पति के रूप में होना उनके लिए अप्रत्याशित था। जब 33 वर्षीय अभिनेत्री को ये बात पता चली तो वो दंग रह गईं। इन बातों ने न केवल मृणाल को झकझोर दिया, बल्कि इससे उनके भरोसे को भी ठेस पहुंची है। मृणाल बोलीं, मुझे नहीं पता था कि एक बहुत ही सीनियर अभिनेता मेरे पति की भूमिका निभाने वाले हैं, क्योंकि ये चीज मेरी... उस उम्मीद को ही बदल देती है, जो मैंने इस फिल्म से की थी तो वहां मैं नाकाम रही, क्योंकि वहां मेरा भरोसा डगमगा गया था, लेकिन आप जानते हैं क्या, मुझे कोई पछतावा नहीं है। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मृणाल ने अभिनेता चंकी पांडे की पत्नी की भूमिका निभाई थी। मृणाल ने एक बेहद भावुक दृश्य का जिक्र किया, जहां वो अपनी भतीजी के बेहतर भविष्य के लिए अपनी निजी जिंदगी का त्याग कर देती हैं। वो बोलीं, मुझे नहीं पता था कि मेरे 2 इतने महत्वपूर्ण दृश्य एडिटिंग के दौरान काट दिए जाएंगे... वो पूरी कहानी ही गायब थी। हालांकि, मृणाल ने स्पष्ट किया कि इन सब के बावजूद उनके मन में कोई कड़वाहट नहीं है। फिल्म की टीम के साथ उनके संबंध आज भी मधुर हैं। साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म की अगली कड़ी, सन ऑफ सरदार 2 में कई शानदार कलाकार नजर आए। इसमें अजय देवगन ने एक बार फिर जस्सी की भूमिका निभाई, मृणाल राबिया के रूप में दिखीं और उनके साथ रवि किशन, नीरू बाजवा, दीपक डोबरियाल ने भी फिल्म में अहम किरदार निभाए। हालांकि, 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म दुनियाभर में महज 60 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।





# लूज पाउडर बनाम कॉम्पैक्ट पाउडर: दोनों में से किसका इस्तेमाल करना है बेहतर?

लूज पाउडर और कॉम्पैक्ट पाउडर मेकअप के 2 उत्पाद हैं, जो बेस को सेट करने और एक अच्छी फिनिश देने में मदद करते हैं। हालांकि, दोनों की बनावट और उपयोग में फर्क होता है। लूज पाउडर आमतौर पर ढीला होता है, जबकि कॉम्पैक्ट पाउडर ठोस रूप में आता हैं। इस लेख में हम इन दोनों उत्पादों के बीच के अंतर और उनके उपयोग के सही तरीकों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप अपने मेकअप रूटीन को बेहतर बना सकें।

**लूज पाउडर की खासियत-** लूज पाउडर को बेस मेकअप सेट करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह चेहरे पर हल्की और महीन परत बनाता है, जिससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। लूज पाउडर को ब्रश या स्पंज की मदद से चेहरे पर लगाया जाता है। यह खासकर गर्मियों में और अधिक तेलीय त्वचा वालों के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि यह अतिरिक्त तेल को सोख लेता है और चेहरे को मैट फिनिश देता है।

**कॉम्पैक्ट पाउडर क्या है?-** कॉम्पैक्ट पाउडर एक ठोस रूप में आता है, जिसे आसानी से पर्स में रखा जा सकता है। इसे टच-अप के लिए कहीं भी और कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कॉम्पैक्ट पाउडर हल्का होता है और त्वचा पर एक चिकनी और चमकदार फिनिश देता है। इसे चेहरे पर हल्के हाथों से लगाना चाहिए, ताकि यह अच्छी तरह से फैले और त्वचा को एक प्राकृतिक लुक दे सके। कॉम्पैक्ट पाउडर का उपयोग रोजमर्रा के मेकअप के लिए सही है।

**दोनों उत्पादों के बीच का फर्क-** लूज पाउडर और कॉम्पैक्ट पाउडर चेहरे को सेट करने के लिए इस्तेमाल होते हैं, लेकिन उनकी बनावट और उपयोग में फर्क होता है। लूज पाउडर अधिक महीन और हल्का होता है, जबकि कॉम्पैक्ट पाउडर ठोस और अधिक टिकाऊ होता है। लूज पाउडर अधिक तेलीय त्वचा वालों के लिए बेहतर होता है, क्योंकि यह अतिरिक्त तेल को सोख लेता है। वहीं, कॉम्पैक्ट पाउडर सभी प्रकार की त्वचा पर अच्छा काम करता है।

**त्वचा के अनुसार चुनें सही उत्पाद-** आपकी त्वचा का प्रकार और जरूरतें ही तय करती हैं कि आपको कौन-सा उत्पाद चुनना चाहिए। अगर आपकी त्वचा अधिक तेलीय है तो लूज पाउडर बेहतर रहेगा, क्योंकि यह अतिरिक्त तेल को सोख लेगा। वहीं, अगर आपकी त्वचा सूखी या सामान्य है तो कॉम्पैक्ट पाउडर आपके लिए उपयुक्त रहेगा। कॉम्पैक्ट पाउडर चेहरे से पसीना आदि हटाने के भी काम आता है। सही चयन करने से आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आपको एक सुंदर लुक मिलेगा।

# नीना गुप्ता ने खास तस्वीर की शेयर, फैंस हुए उत्साहित!



सोशल मीडिया पर हाल ही में मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता ने गजराज राव के साथ एक खास तस्वीर साझा की। इस खास तस्वीर ने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। नीना गुप्ता द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में दोनों कलाकार बेहद सादगी और गर्मजोशी के साथ कैमरे के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। नीना गुप्ता एक खूबसूरत प्रिंटेड साड़ी में दिखीं, जबकि गजराज राव ने अपने खास अंदाज में ब्लैक नेहरू जैकेट पहन रखी थी। इस दिल छू लेने वाली तस्वीर के साथ नीना गुप्ता ने लिखा, मैं गजराज राव के साथ दोबारा काम करने का इंतजार कर रही हूं। इस पोस्ट के तुरंत बाद, फैंस ने कमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाओं की झड़ी लगा दी। एक यूजर ने लिखा, आप दोनों को फिर साथ देखने का इंतजार है, क्या कमाल की जोड़ी है। वहीं, दूसरे यूजर ने बधाई हो फिल्म की केमिस्ट्री को याद करते हुए लिखा, बधाई हो वाली केमिस्ट्री आज भी याद है, फिर से साथ आओ प्लीज। कई अन्य यूजर्स ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, आप दोनों साथ में स्क्रीन पर जादू कर देते हैं, गजराज राव के साथ आपकी जोड़ी सबसे अलग लगती है, जल्दी कोई नई फिल्म लेकर आइए साथ में प्लीज, और ओल्ड इज गोल्ड आप दोनों की जोड़ी हमेशा सुपरहिट रहेगी। ये प्रतिक्रियाएं इस बात का प्रमाण हैं कि दर्शक इस जोड़ी को कितना पसंद करते हैं और उनकी केमिस्ट्री को कितना मिस कर रहे हैं। नीना गुप्ता और गजराज राव की जोड़ी को सबसे ज्यादा पहचान और सराहना साल 2018 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म बधाई हो से मिली थी। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा में एक नई मिसाल कायम की थी, जिसमें उन्होंने आयुष्मान खुराना, सान्या मल्होत्रा और दिवंगत सुरेखा सीकरी जैसे कलाकारों के साथ अनकन्वेंशनल माता-पिता की भूमिका निभाई थी।



# दूसरी बार टल गई सनी देओल की 'गबरू की रिलीज डेट, सलमान खान का कैमियो हुआ कंफर्म

पहले 'गदर 2 और अब 'बॉर्डर 2 की सक्सेस ने सनी देओल को एक बार फिर ऊंचाईंयं पर पहुंचा दिया है. वहीं फैंस अब एक्टर की अपकमिंग फिल्मों को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं इनमें 'गबरू भी शामिल है. इस फिल्म की रिलीज डेट 8 मई तय की गई थी लेकिन अब खबरों के मुताबिक सनी देओल की 'गबरू के लिए फैंस को और इंतजार करना पड़ सकता है. दअसल फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने बताया, गबरू की रिलीज टाल दी गई है और यह 8 मई को सिनेमाघरों में नहीं आएगी. मेकर्स कुछ दिनों में नई रिलीज डेट तय कर लेंगे, जिसके बाद वे ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, गबरू 13 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 8 मई तक टाल दिया गया. अब, इस नए अपडेट से पता चलता है कि अभिनेता के फैंस को फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए कुछ और समय इंतजार करना पड़ेगा.

इससे पहले, नवंबर 2025 में आई रिपोर्ट में कहा गया था कि सनी देओल की इस फिल्म में सलमान खान कैमियो करेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने कंफर्म करते हुए बताया, एक स्टार की ज़रूरत थी और निर्माताओं को पता था कि सलमान खान इस भूमिका के लिए बिल्कुल सही हैं. सलमान से संपर्क किया गया और उन्हें यह किरदार और फिल्म में इसका कॉन्ट्रिब्यूशन बहुत पसंद आया. उन्होंने एक साल से भी पहले चुपचाप फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी और फिल्म अच्छी बन रही है. गबरू में उनका कैमियो बेहद दिल छू लेने वाला है. यह प्यारा होने के साथ-साथ बेहद एंटरटेनिंग भी है. फिल्म में उनके कुल तीन सीन हैं, इसलिए यह एक एक्सटेंडेड स्पेशल अपीयरेंस है. गबरू को इंटेंस इमोशनल से भरपूर एक्शन-ड्रामा बताया जा रहा है. खबरों के मुताबिक, फिल्म सनी देओल के किरदार और एक चाइल्ट आर्टिस्च की कहानी है, जो दोनों अपने-अपने संघर्षों से जूझ रहे हैं. उनका इमोशनल बॉन्ड ही कहानी का आधार है. उम्मीद है कि फिल्म में सनी देओल एक दमदार भूमिका में नज़र आएंगे, जिसमें एक्शन और इमोशंस का बेहतरीन मेल होगा. फिलहाल फैंस इस फिल्म के टीजर का इंतजाक कर रहे हैं.



# Ignore BP at 30, pay at 50: Study warns

**NEW DELHI, Agency:** A startling new study warns that even a slight bump in blood pressure during your 30s could raise your risk of heart disease decades later.



Researchers tracked nearly 6,000 adults for over 20 years and found that every 10 mm Hg increase in systolic blood pressure was linked to about a 20-22% higher risk of cardiovascular disease. Even levels considered "normal" were associated with rising risk.

Published in the American Journal of Hypertension, the findings suggest that mildly elevated blood pressure is not as harmless as often assumed. The risk was similar in men and women, a pattern experts say is often overlooked in younger adults.Doctors say the findings reinforce that blood pressure is not a fixed cut-off but a continuous risk factor. "The idea that risk starts only at 140/90 is outdated-vascular damage begins much earlier," said Dr Mohit Gupta, cardiologist at Govind Ballabh Pant Institute of Postgraduate Medical Education and Research. At the same time, he cautioned against over interpretation. "A 20% relative increase over decades may still translate into a low absolute risk for a healthy 30-year-old. These findings should not create panic or lead to over treatment," he said.

Dr Sudhir Kumar, neurologist and preventive health advocate, said even modest rises in blood pressure in young adults are not benign. "This risk starts earlier than we thought and is similar in men and women, suggesting high BP may offset the protective effect of oestrogen. Control should begin early, not in middle age-through exercise, healthy diet, good sleep and regular monitoring," he said.

The study also points to the role of diastolic blood pressure in younger adults, which often rises before systolic levels. However, experts stress this does not warrant early medication. "There is limited evidence to support aggressive drug treatment in young individuals with only raised diastolic BP," Gupta added. He emphasised that the takeaway is early prevention. "The message is not to treat earlier with medicines, but to intervene earlier with lifestyle." With hypertension rising among younger Indians-driven by sedentary habits, high salt intake, stress and poor sleep-experts say timely action can make a significant difference. Doctors say blood pressure in your 30s is not harmless-it can be an early warning sign of future heart risk.

# Soon, 'Civil Lines' may be relegated to history



**NEW DELHI, Agency:** The concept and nomenclature of Civil Lines, residential areas established by the British and long associated with their proximity to administrative power, may fade into history.As the Centre intensifies its efforts to replace remnants of colonial-era laws and practices with alternatives that are of Indian origin and reflect the country's culture, the framework 'Civil Lines' has been identified as one such legacy for review.

Mwdia has learnt that an extensive exercise is being undertaken to identify vestiges of British rule, aimed at decolonising mindset and embracing indigenous identity. PM Narendra Modi, in Jan, had asked ministers and top bureaucrats to identify colonial-era practices and suggest alternatives that have Indian roots. Originally developed in the 19th century, Civil Lines were planned as exclusive enclaves with better infrastructure, which signified power and proximity to colonial masters.

## Rs 37 lakhs cash, gold, silver coins

### *CBI arrests DGCA deputy director general in bribery case*




**NEW DELHI, Agency:** The Central Bureau of Investigation on Sunday arrested a senior official of DGCA and a representative of a private company in a bribery case of Rs 2.5 lakhs.

According to an official statement, the official was the deputy director general at the airworthiness directorate in directorate general of civil aviation headquarters in New Delhi.

"The CBI registered the instant case on 18.04.2026 against an official of Directorate General of Civil Aviation (DGCA) along with representative of a private company based in New Delhi on allegation that the accused public servant of DGCA demanded undue advantage from the private persons in lieu of issuing approvals and permissions of applications pending with DGCA," the probing agency said

Later, the central agency also conducted searches at the premises linked to the accused and other private persons at four locations.

# Energy drinks linked to rising liver damage in young Indians, warn doctors

**NEW DELHI, Agency:** Energy drinks, marketed as instant vitality in a can, are the newest craze sweeping young India. But behind every fizzy sip lurks silent liver damage. On World liver day, liver specialists are reporting a surge in cases linked to overconsumption, raising concern about a growing health risk among the nation's youth.

Doctors cite clinical experience and global evidence. A case in BMJ Case Reports linked excessive energy drink intake to acute hepatitis due to high doses of niacin (Vitamin B3), known to be hepatotoxic in excess. Experts say the mix of sugar, caffeine and additives promotes fat build-up in liver cells, oxidative stress and inflammation, raising the risk of long-term damage, including non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD).

"Over the past few years, we have seen a significant increase in young patients with liver dysfunction. Energy drinks, alcohol and high-sugar beverages are the main contributors," said Dr. Abhideep Chaudhary, President, Liver Transplantation Society of India (LTSI). "Often seen as harmless, these drinks place immense stress on the liver. When combined with alcohol or consumed excessively, they accelerate injury. If damage progresses, transplant may become the only life-saving option." India is witnessing a rise in NAFLD, affecting an estimated 25-30% of the urban population, including young adults. High intake of sugary beverages is a key driver, and doctors say energy drinks



are worsening the trend.

"We are witnessing a demographic shift, with patients in their 20s and 30s presenting earlier," said Dr. Neerav Goyal, President-Elect, LTSI, and Head, Liver Transplant, Hepatobiliary and Pancreatic Surgery, Indraprastha Apollo Hospital, New Delhi. "Alcohol remains a major factor, but energy drinks and sugary beverages are adding to the burden." Experts also warn against mixing energy drinks with alcohol, as caffeine can mask its sedative effects, leading to higher intake and increased toxicity.

"Lifestyle choices are directly impacting liver health at a younger age," said Dr. Charles Panackel, Secretary, LTSI, and Senior Consultant, Hepatology, Aster Medcity, Kochi. "Continuous exposure leads from fatty liver to inflammation, fibrosis and even cirrhosis. Early-stage disease is often reversible."

"Frequent intake of energy drinks is an under-recognised risk," said Dr. Naveen Ganjoo, Governing Council - Adult Hepatology, LTSI, and Senior Consultant, Hepatology & Integrated Liver Care, Aster RV Hospital, Bengaluru.

Experts have called for stronger awareness and lifestyle changes, stressing that cutting back on energy drinks, alcohol and sugary beverages is key to prevention.

## 5,446 women to go for Haj without mehram, most since policy change

**NEW DELHI, Agency:** As the first contingent of pilgrims embarked on Haj to Saudi Arabia on Saturday, the overall data shows that as many as 5,446 Muslim women will be travelling as "Ladies Without Mehram.

(male companion) for the pilgrimage, with Kerala taking the lead again accounting for 4,477 women in this category.



This is the largest contingent of women in the LWM category since 2018 when policy changes for the first time enabled Muslim women aged 45 years and above, who wish to go for Haj but do not have a male Mehram and their.

'school of thought' (Maslak) permits, are allowed to travel in groups of four or more.

## Modi shedding crocodile tears: Opposition slams PM over women's quota speech

**NEW DELHI, Agency:** The opposition on Sunday accused PM Narendra Modi of shedding "crocodile tears" over women's quota, as it stepped up its attack on him for delivering a "political speech in the garb of an address to the nation".

Highlighting that the PM "spewed venom" against the opposition for 29 minutes on Doordarshan, Congress spokesperson Supriya Shrinate said, "How could the PM use this platform, funded by taxpayers' money, to push forward his political agenda when the model code of conduct is in effect... How does EC not take suo motu cognisance of exploitation of govt machinery for pure political purpose?" CPM general secretary MA Baby, in a complaint to CEC Gyanesh Kumar, alleged "serious violation" of the model code of conduct.

## From lab to market: IISc team, surgeon develop dissolving stent to cut 2nd surgeries

**BENGALURU, Agency:** A small, dissolving tube developed in a Bengaluru lab is moving a step closer to hospital use, offering a way to avoid repeat procedures after major abdominal surgeries.

The device, called the "Asthana Stent", is the result of a collaboration between liver transplant surgeon Sonal Asthana of Aster CMI Hospital and researchers led by Kaushik Chatterjee at IISc, spanning its Departments of Materials Engineering and Bioengineering.

It has now been licensed to Advanced Medtech Solutions Private Limited under an Indian Patent, marking a shift from laboratory prototype to a product that could reach operating



rooms.

The idea began with a recurring problem seen after liver transplants. Surgeons must join bile ducts, a delicate connection that can later leak or narrow. These complications affect 11% to 40% of patients and often require another procedure to fix.\Existing solutions rely on plastic tubes, or stents, to keep the duct open while it heals.

# In West Bengal, the real battle is between SIR & anti-incumbency

**NEW DELHI, Agency:** Defending her bastion of West Bengal for the fourth time to extend her term by another five years to 20 years was never meant to be easy for Mamata Banerjee. She was up against a formidable challenger, the Bharatiya Janata Party, its redoubtable election-winning organisation and bottomless resources and its star campaigner, Narendra Modi. For five years from 2021, Banerjee had been preparing for the fight to unseat her. Incidents that brought people spontaneously out into the streets like the rape and murder of a junior doctor working at the staterun R G Kar Medical College and Hospital, the rape of a student inside the college premises in Kasba, in south Kolkata, metres from the police station and a continuous flow of incidents of violence against women in rural areas had resulted in a spike in the prevailing discontent. She may have hit the streets to demand justice for the R G Kar victim, but that did not cut ice with voters nursing anti- incumbency sentim ents. In the regular course, Trinamool Congress should have been in the dock over its performance as a govt. Mamata Banerjee has been chief minister for 15 years. Anti-incumbency should have been the principal issue.

Things changed. Instead of being a challenger, BJP metamorphosed into an oppressor, after the country-wide crackdown on ghuspaithiyas - illegal Bengali-speaking imm igrants, presumed to be infiltrators from Bangladesh.

The arrests, even deportation of some to Bangladesh, where they were stranded and harassed, angered Bengalis, regardless of whether they were Banerjee loyalists, or veering to the BJP, because it was the only alternative against the dominance and abuse of power of the Trinamool Congress in everyday lived experiences.